रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 21 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-329 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सीएम साय ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि भारतीय संस्कृति में गुरू को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन भारत में गुरु पूर्णिमा मनाने की परम्परा रही है। इस दिन गुरुओं के अमूल्य ज्ञान और मार्गदर्शन के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया जाता है। गुरु जीवन में अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान की रोशनी लेकर आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुओं द्वारा दी गई अमूल्य शिक्षा को जीवन में आत्मसात कर हमें आगे बढ़ना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर में पड़ोसी देश के नापाक इरादे कामयाब नहीं होने देंगे: मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में



आतंकवादियों के बढ़ते हमलों के बीच उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में पड़ोसी देश के नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उपराज्यपाल ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि पड़ोसी देश जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहा है। सिन्हा ने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हौसला 2.0 और स्टार्ट-अप पोर्टल के लॉन्च को संबोधित करते हुए कहा, कुछ लोगों को बदलाव रास नहीं आ रहा है और इससे कुछ निराश हैं। खासकर हमारा पड़ोसी देश, जिसे आतंकवाद का स्रोत कहा जाता है और वह जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहा है।


### नीट यूजी-2024 परीक्षा परिणाम केंद्र-शहर स्तर पर घोषित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी-2024 की परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के परिणाम शहर और परीक्षा केंद्र स्तर पर शनिवार को अपनी बेवसाइट पर जारी कर दिये। स्नातक स्तर के मेडिकल और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2024 की परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के परिणाम शहर और परीक्षा केंद्र स्तर पर विद्यार्थियों की पहचान उजागर किए बिना बेवसाइट पर डाल दिये गये हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण नीट-यूजी 2024 रद्द कर दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग और अन्य याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की घंटों दलीलें सुनने के बाद 18 जुलाई को यह निर्देश दिया था।

# अमित शाह ने कहा-एक बार फिर झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी

एजेंसी ‹ रांची
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में 60 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। शाह ने शनिवार को रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर मैदान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में कहा कि वर्ष 2014, 2019 और 2024 में नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार पीएम बने। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव के बाद एक अजीब चीज देखने को मिला। साधारण तौर पर देखा जाता है कि विजय के बाद किसी व्यक्ति में अहंकार आता है, लेकिन पहली बार देखा गया कि व्यक्ति में पराजय के बाद भी अहंकार आता है। संसद में राहुल गांधी के व्यवहार को देखकर ऐसा लगा कि वो दो-तिहाई बहुमत हासिल कर पहुंचे हैं। जबकि सच्चाई है कि पूरे इंडिया अलायंस को मिलाकर उतनी सीटें नहीं आ सकी, जितना कि अकेले बीजेपी को मिली। पिछले तीन लोकसभा चुनाव के



दौरान भी यदि कांग्रेस की सीटों को जोड़ लिया जाए, तो बीजेपी ने 2024 के चुनाव में उससे अधिक सीटें हासिल की। शाह ने कहा कि वो दिवाल पर लिखा हुआ पढ़ सकते हैं और पूर्ण विश्वास के साथ कह सकते है कि वर्ष 2024 में एक बार फिर झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने कुछ ऐसा नहीं किया, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं को सिर झुकाना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर व्यक्ति को पांच किलो मुफ्त अनाज दिया, 13 करोड़ गरीबों के घर में गैस सिलेंडर पहुंचाया, 14 करोड़ शौचालय बनवाने का काम किया, हर घर में बिजली पहुंचाई, पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की व्यवस्था पीएम मोदी ने की। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए-1 और 2 की सरकार में झारखंड के विकास के लिए सिर्फ 84 हजार करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता दी, जबकि पीएम मोदी ने 10 साल में 3.84 लाख करोड़ की सहायता झारखंड को उपलब्ध कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड पर विशेष ध्यान दिया, झारखंड से ही आयुष्मान भारत योजना, जन-मन योजना और मुद्रा योजना की शुरुआत हुई। अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के गांव जाने वाले नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देशभर में सबसे करप्ट झारखंड की जेएमएम की सरकार है। उन्होंने कहा कि किसी ने एक साथ 300 करोड़ रुपये नहीं देखा होगा, लेकिन झारखंड में एक सांसद के घर से 300 करोड़ कैश मिला। एक मंत्री के पीए के घर से 30 करोड़ मिलता है, ये पैसा किसका है, सभी को मालूम हैं। उन्होंने कहा कि जिस मंत्री के पीए के घर से 30 करोड़ कैश मिला, उसे फिर से कांग्रेस पार्टी टिकट देने जा रही है क्योंकि अगर उन्हें टिकट नहीं मिला तो वह बताएंगे कि बरामद पैसा किसका है।

## यूपीएससी में गड़बड़ी की ख़बरें खतरनाक, जवाब दे सरकार : प्रियंका

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा शासन प्रशासन तथा देश के लिए महत्वपूर्ण है और इस प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं, इसलिए सरकार को इस बारे में जवाब देना चाहिए। वाड्रा ने इस परीक्षा की प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरों को हैरान करने वाला बताया और कहा, यूपीएससी की प्रक्रियाओं में गड़बड़ी की खबरें बहुत हैरान करने वाली हैं। इस महत्वपूर्ण चयन प्रक्रिया में हुई एक भी गड़बड़ी बड़े सवाल खड़े करती है और लाखों युवाओं के सपनों और उनके विश्वास पर चोट करती है। उन्होंने कहा, यूपीएससी देश की सबसे नामी परीक्षा है और उससे निकले लोग शासन व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। देश के करोड़ों लोगों का भरोसा और हमारे रोजमर्रा के शासन-प्रशासन का कामकाज इस संस्था की पेशेवर प्रणाली से जुड़ा है। मैंने खुद देखा है कि इस परीक्षा के लिए युवा कितनी मेहनत, आँखों में ढेर सारे सपने लिए और दिल में लगन के साथ तैयारियां करते हैं।

### न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री ने मोदी से फोन पर बात की

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से



फोन पर बात की तथा तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं ने आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय सहयोग को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों का मानना है कि भारत-न्यूजीलैंड के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर आधारित हैं। दोनों पक्षों के बीच हाल ही में हुए उच्च-स्तरीय संपर्कों से बने उत्साह को रेखांकित करते हुए, उन्होंने व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

### बंगलादेश से 1000 भारतीय छात्र लौटे

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

बंगलादेश में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के कारण करीब एक हज़ार भारतीय छात्र स्वदेश लौट आए हैं और अनेक अन्य छात्र भी लौटने की तैयारी में हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में सहायक उच्चायोग बंगलादेश में हालिया घटनाक्रम के बाद भारतीय नागरिकों की घर वापसी में सहायता कर रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में, भारत बंगलादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ सीमा पार बिंदुओं तक सुरक्षित यात्रा की सुविधा के लिए उच्चायोग और सहायक उच्चायोग द्वारा उपाय किए जा रहे हैं। बयान के अनुसार विदेश मंत्रालय हमारे नागरिकों के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नागरिक उड्डयन, आव्रजन, भूमि बंदरगाहों और बीएसएफ अधिकारियों के साथ भी समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब तक, 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि सीमा पारगमन चौकियों के माध्यम से भारत लौट आए हैं। इसके अलावा, लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों से नियमित उड़ान सेवाओं द्वारा घर लौट आए हैं।

### अमरनाथ यात्राः 3471 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से ‘बम बम भोले’ के जयकारों के बीच 3471 तीर्थयात्रियों का



एक और जत्था अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री 114 वाहनों के बेड़े में पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों के लिए रवाना हुए। बालटाल के लिए 1073 और पहलगाम के लिए 2398 तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधार शिविर से रवाना हुए। पिछले साल, 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी।

### विधानसभा अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री ने 13.81 करोड़ रुपए के 96 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# सात माह के भीतर विकास का एक अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ : डॉ. रमन

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राजनांदगांव में नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले 13 करोड़ 81 लाख रुपए लागत के 96 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें अधोसंरचना मद के अंतर्गत सात करोड़ 54 लाख रुपए लागत के रोड, नाली, भवन, उद्यान एवं अन्य विकास कार्य, 15वें वित्त आयोग के तहत पांच करोड़ 50 लाख रुपए लागत के सीसी रोड, नाली, नाला व फिल्टर प्लांट में विकास कार्य, सांसद निधि से 29 लाख रुपए की लागत के भवन, शेड, पाथवे, मंच निर्माण तथा विधायक निधि, प्रभारी मंत्री निधि से 49 लाख रुपए लागत के भवन, शेड, रोड तथा नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.




रमन सिंह ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजनांदगांव की जागरूकता पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में सात माह के भीतर विकास का एक अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ है। सरकार ने 21 क्विंटल धान खरीदी, दो साल का लंबित बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि और 5500 रुपए में तेन्दूपत्ता खरीदी सहित कई घोषणाओं को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के लोगों ने शहर के विकास का जो सपना देखा है, उस सपने के अनुरूप शहर को बनाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के साथ-साथ राजनांदगांव के भीतर भी बेहतर विकास दिखेगा। शेष पेज 10 पर...



# पायनियर हलचल...

## कड़े और बड़े फैसले लेने वाली विष्णु सरकार



विष्णु सरकार के लिए सामान्य तौर पर जो बात कही जाने लगी थी, वह मिथ्या साबित होते दिख रही है। दरअसल में गाहे-बगाहे यह कहा जाने लगा था कि विष्णु सरकार अब तक की सबसे धीमी सरकार है। लेकिन यदि अब तक के राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों पर नजर डाला जाए तो वास्तव में विष्णु सरकार अब तक की सबसे कड़े और बड़े फैसले लेने वाली सरकार है। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सीएम विष्णुदेव के नेतृत्व में कुछ माह में ही चुनावी वादे यानि की मोदी की गारंटी को पूरा कर दिया गया। वहीं पिछले 15 साल में भाजपा और रमन सिंह सरकार जो राजनीतिक निर्णय नहीं ले सके उसे विष्णु सरकार ने एक झटके में कर दिखाया। जी हां हम बात कर रहे हैं राज्य के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल की। बृजमोहन अग्रवाल और डॉ. रमन सिंह के बीच राजनीतिक अदावत जगजाहिर है, फिर भी डॉ. रमन सिंह के न चाहते हुए भी उनके तीनों कार्यकाल में बृजमोहन अग्रवाल केबिनेट मंत्री बने रहे। यहां तक की बृजमोहन अग्रवाल राज्य में पैररल रुप से सरकार चलाते रहे फिर भी रमन और भाजपा कुछ न कर सके। लेकिन विष्णुदेव ने एक झटके में फैसला लेते हुए बृजमोहन को मंत्रीमंडल से तो दूर राज्य की राजनीति से ही रवाना कर दिया। निश्चित ही यह अब तक का सबसे बड़ा और कड़ा राजनीतिक फैसला है। बृजमोहन सार्वजनिक रुप से चिल्लाते रहे कि सीएम चाहेंगे तो मैं अभी 6 माह तक मंत्री रह सकता हूं, लेकिन विष्णुदेव ने एक नहीं सुनी नतीजन बृजमोहन अग्रवाल को मंत्रीपद से इस्तीफा देना पड़ा। इसलिए यह कहा जा सकता है कि धीमी नहीं, बल्कि कड़े और बड़े राजनीतिक फैसले लेने वाली यह विष्णु सरकार है।

## भूपेश और देवेन्द्र के बीच खिंची तलवारें



प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल में पीसीसी चीफ को लेकर जमकर खीचतान चालू है। कभी भूपेश के चहेते रहे देवेन्द्र यादव इन दिनों अलग-थलग पड़े हुए हैं। कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को पीसीसी चीफ बनाने के पक्षधर हैं, वहीं देवेन्द्र भी पीसीसी चीफ बनने के लिए जमकर लाबिंग कर रहे हैं। लेकिन पूर्व सीएम भूपेश बघेल इस निर्णय के खिलाफ हैं। कुल मिलाकार पीसीसी चीफ को लेकर भूपेश और देवेन्द्र के बीच तलवारें खिंच चुकी हैं। कहा जा रहा है कि वर्तमान पीसीसी चीफ दीपक बैज का हटना लगभग तय हो चुका है। ऐसे में राहुल गांधी किसी आक्रामक नेता को पीसीसी चीफ की कमान सौंपना चाहते हैं। जिसमें देवेन्द्र यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि इस रेस में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और खरसिया विधायक उमेश पटेल भी शामिल हैं।

## संसदीय ज्ञाताओं की परवाह नहीं





हमने पूर्व में ही लिखा है कि विष्णु सरकार कड़े और बड़े राजनीतिक फैसले लेने वाली सरकार बन चुकी है। दरअसल में प्रेमप्रकाश पाण्डे, शिवरतन शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल और अजय चंद्राकर को राज्य में संसदीय मामलों का ज्ञाता माना जाता है। लेकिन अब तक के राजनीतिक फैसलों पर गौर किया जाए तो विष्णु सरकार ने यह तय कर लिया कि अब हम में से ही कोई (वर्तमान मंत्रियों में से कोई भी) संसदीय मामलों के दायित्व का निर्वहन करेगा। प्रेम प्रकाश पांडे और शिवरतन शर्मा चुनाव हार गए। बृजमोहन अग्रवाल को राज्य से केन्द्र भेज दिया गया और अजय चन्द्राकर के सदन में मौजूद रहने के बाद भी जरुरत नहीं महशूस की गई? 22 जुलाई से विधानसभा का सत्र है उससे पहले लग रहा था कि विष्णु सरकार मंत्रीमंडल में विस्तार करते हुए नया संसदीय मंत्री दे सकती है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ विष्णु सरकार ने मंत्री केदार कश्यप को संसदीय कार्यमंत्री का प्रभार सौंप दिया। अजय चंन्द्राकर को बड़ी आस थी, लेकिन उन्हें एक बार फिर निराशा हांथ लगी। बृजमोहन अग्रवाल को राज्य की राजनीति से दूर करने के बाद विष्णु सरकार का यह दूसरा बड़ा और कड़ा राजनीतिक फैसला है।

## सीएम के दिल्ली प्रवास के पहले...?

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जैसे ही दिल्ली रवाना होते हैं, मंत्रीमण्डल के विस्तार की चर्चाएं होना इन दिनों आम हो चुकी हैं। खैर इस बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गृहमंत्री अमित शाह और विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में महती भूमिका निभाने वाले मनसुख भाई मंडाविया से मुलाकात हुई। जो राजनीतिक रुप से कई मायने में अहम मानी जा रही है। गौर करने वाली बात यह है कि दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम हाउस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से किन नेताओं की मुलाकात हुई है? दरअसल में सीएम साय के दिल्ली रवाना होने से पहले बस्तर की एक आदिवासी महिला नेत्री की मुलाकात हुई। वहीं दुर्ग सम्भाग से दो ओबीसी विधायकों की भी सीएम साय से गुफ्तगू हुई। दुर्ग सम्भाग के यह दोनो विधायक पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। जिसमें एक विधायक की पृष्ठभूमि संघ से जुड़ी हुई है तो दूसरे विधायक ओबीसी में संख्या बहुल्य समाज से आते हैं। माना जा रहा है कि इनमे से किसी एक का साय केबिनेट में मंत्री बनना लगभग तय है।

## पर्दा कब तक ?



शिवनाथ नहीं का पानी जहरीला होने के कारण मछली सहित लाखों की संख्या में जल जीवों की मौत हो गई। वहीं कहा तो यह भी जा रहा है कि नदी का पानी पीने से 15 से अधिक गायों की भी मौत हो गई। दरअसल में एक शराब फैक्ट्री का दूषित पानी नदी में बहाया जा रहा है, इसके लिए कुछ माह पहले स्थानीय एसडीएम ने शराब फैक्ट्री के प्रबंधन को नोटिस भी जारी किया था। हलांकि मामले में जांच टीम गठित की गई है, जांच रिपोर्ट समाने आने के बाद ही सत्यता का खुलासा होगा। लेकिन नदी में हुई जीवों की मौतों को झुठलाया तो नहीं जा सकता, नष्ट हुई जैवविविधता को बचाया तो नहीं जा सका। सुप्रीप कोर्ट के गाइडलाइन के अनुसार बारिस के मौसम में डिस्टलरी का पानी नदी में न जाए इसके लिए पर्यावरण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ड्यूटी लगाई जाती है। विभाग द्वारा सतत निगरानी की जाती है, उसके बाद भी डिस्टलरी का दूषित पानी यदि नदी में जा रहा है तो इसके लिए दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? आखिर कब तक पर्दा डाला जाएगा?

## फिर निकला जिन्न

राज्य में एक ऐसा घोटाला हुआ जिसमें से सिर्फ एक अधिकारी से रिकव्हरी की गई, वो भी आधी राशि, बाकी 11 अधिकारियों को विभागीय जांच के बाद दोषमुक्त कर दिया गया। 59,32,670 रुपये की 50 प्रतिशत राशि यानि की 29,66,340 रुपये ही वसूल किए गए। अब इस मामले में लोकलेखा समिति द्वारा लगातार शासन से जवाब मांगा जा रहा है। लेकिन समिति के पत्र को कचड़े के डब्बे में डाल दिया जा रहा है। दरअसल में 2.29 करोड़ के कपटपूर्ण व्यय में शामिल 14 अधिकारी और कर्मचारियों में से एकमात्र कर्मचारी से गबन की राशि वसूल की गई है, वो भी आधी। अब लोकलेखा समिति द्वारा बार-बार विभाग प्रमुख और विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जबाव मांगा जा रहा है, लेकिन शासन- प्रशासन लोक लेखा समिति को भी जबाव देने से बच रहे हैं। दरअसल में लेखापरीक्षा आपत्ति के उत्तर में शासन द्वारा 2.29 करोड़ रुपये के कपटपूर्ण व्यय को स्वीकार किया गया है, लेकिन इसके विरुद्ध विभाग द्वारा मात्र 29,66,340 रुपये ही वसूल किए गए हैं। यहीं नहीं इस प्रकरण में समस्त अधिकारी/ कमार्चारियों को दोषमुक्त भी कर दिया गया है। जिसमें समिति का कहना है कि शासन को हुई उपरोक्त हानि का जिम्मेदार कौन है? इस हानि की भरपाई कैसे की जाएगी? इस प्रकरण को लेकर छत्तीसगढ विधानसभा द्वारा लगातार जबाव मांगा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार इससे बचते नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकार इस प्रकरण का जिन्न फिर से बाहर निकल आया है।

## मंत्री जी डंप कर रहे फाइलें

लोकसभा चुनाव के पहले राडार में चल रहे राज्य के एक मंत्री फिर अपने अनुभव का उपयोग करना चालू कर दिए हैं। दरअसल में इनके पास सभी क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव है। कहा जा रहा है कि मंत्री जी अपने विभाग की फाइलों को डंप कर देते हैं। जब तक उसकी कोई पूछ परख न हो तक तक फाइल को रोक दिया जाता है। खबर तो यह भी है कि एक मामले में 50 फीसदी काम होने के बाद भी रोक दिया गया। फाइलें रुकने से सम्बधित आदमी, ठेकेदार मिलने तो पहुंचता ही है। खैर इतने विभागों की जिम्मेदारी सम्भाल चुके अनुभवी मंत्री जी फाइलों को क्यों रोक रहें है? यह तो स्वयं वही जानेंगे। लेकिन इसकी चर्चा अब दूर-दूर तक होने लगी है।

## कब तक और कहां तक

बजट सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 17 चौसिंगाओं की मौत का मामला उठाया था। विषय की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वहां पर ठीक-ठाक डॉक्टर की व्यवस्था करने को कहा था। लेकिन व्यवस्था तो दूर जंगल सफारी में कार्यरत एकमात्र महिला डॉक्टर की छुट्टी कर दी गई। आचार संहिता के दौरान बिना छुट्टी लिए डॉ. राकेश वर्मा बाहर घूमते रहे, यहां जगंल सफारी चौसिंगा विहीन हो गया, लेकिन नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत की मांग के बाद भी उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। खैर यह मामला यहीं नहीं रुकने वाला है, कांग्रेस की एक महिला विधायक द्वारा इस विषय पर ध्यानाकर्षण लगाया गया है। दरअसल में पशुपालन विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आये डॉ. राकेश वर्मा को वन विभाग में सहायक वन संरक्षक के पद पर स्थायी नियुक्ति देकर वरीयता सूची में स्थान दे दिया गया है। अब डॉ. वर्मा के नियुक्ति संबधी जानकारी भी खंगाली जा रही है, साथ ही उन्हें नियुक्त करने वाले अधिकारी पर भी कार्रवाई की मांग की जा रही। यही नहीं 8 करोड़ के गबन मामले में वह जमानत पर रिहा हैं, लेकिन अब तक उन्हें निलंबित तक नहीं किया गया। कुल मिलाकर दलदल में फंसे डॉक्टर साहब को कब तक बचाने की कोशिश की जाएगी।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# डंकनी नदी के तट पर डंप टेलिंग्स को लेकर एनजीटी सख्त, आयरन ओर वेस्ट हटाने का आदेश

## पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा नहीं लिया गया कोई ठोस निर्णय, नष्ट हुई जैव विविधिता के लिए जिम्मेदार कौन?





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

एनजीटी ने दंतेवाडा स्थित डंकिनी नदी के किनारे डंप किए गए टेलिंग्स को हटाने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान एनजीटी ने कडे लहजे पर कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के नियमों का सख्ती से शासन पालन करे। मिली जानकारी अनुसार मामले में कडी आपित्त जताते हुए एनजीटी ने स्पष्ट किया कि नदी तट पर टेलिंग्स डंप नहीं किया जा सकता है। इस मामले की तीसरी सुनवाई में एनजीटी ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियम 2016 का कडाई से पालन करने का आदेश जारी किया है। 15 जुलाई को हुई सुनावई में एनजीटी ने नदी किनारे डंप किए गए आयरन ओर वेस्ट को लेकर कडी आपत्ति जताई है। जानकारी अनुसार डंकनी नदी के किनारे एक लाख टन टेलिंग्स डंप किया गया है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने पूर्व में भी प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था, जिसके बाद दंतेवाडा कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए डंप किए गए आयरन ओर वेस्ट को हटाने का आदेश जारी किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों की डुलमुल रवैया के कारण अभी तक इसे हटाया नहीं गया। सुनवाई के दौरान बेंच ने साफतौर पर कहा कि नदी के किनारे टेलिंग्स डंप करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, इसे हटाकर खाली जगह पर डाला जाए।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों के उपर की जाए कार्रवाई : नितिन



इस मामले में पर्यावरण प्रेमी नितिन सिंघवी ने लगातार पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों के समक्ष लिखित रुप से नदी के किनारे डंप हो रहे आयरन ओर वेस्ट को हटाने और रोकने की मांग करते रहे जिस पर विभाग द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करने पर मामले को लेकर सिंघवी ने एनजीटी का दरवाजा खटखटाया। शिकायतकर्ता की तरफ से अधिवक्ता प्रतीक्षा द्विवेदी ने इस मामले की पैरवी की। वहीं इस विषय पर पायनियर से बात करते हुए नितिन सिंघवी ने कहा कि विभाग के इस रवैये के कारण जैव विविधता नष्ट हुई है, जिसकी भरपाई दोषी अधिकारियों से की जानी चाहिए। वहीं इसको हटाने के लिए आने वाले खर्च की राशि को विभाग के अधिकारियों से वसूल की जानी चाहिए।



इस केश की पैरवी कर रही दिल्ली से अधिवक्ता प्रतीक्षा द्विवेदी ने पायनियर संवाददाता से कहा कि नदी में डम्प किए आयरन ओर वेस्ट मटेरियल को लेकर एनजीटी ने कड़ी आपत्ति की है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेण्ट रूल 2016 का पालन करने कहा गया है, डंप किया गया यह मटेरियल नियमानुसार हटाना होगा।

### क्या कहता है नियम

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियम पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत अधिसूचित किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल की है। लेकिन इस मामले में बडा विरोधाभास देखने को मिला। दरअसल में मामले में छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने ही नियमों का उलंघन करते हुए अनुमति दे दी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रुल्स 2016 प्रावधानित करते हैं कि किसी भी नदी से 100 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार का ठोस वेस्ट डंप नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में 100 मीटर दूरी निकालने के लिए नदी का हाईजेस्ट फ्लड लेवल निकाला जाता है उसके बाद 100 मीटर छोडकर ही डंपिंग किया जा सकता है। लेकिन यहां की तस्वीरें कुछ और ही बयां कर रही हैं।

## हिमाचल में गिरिपार इलाके में बाढ़ बेटी को बचाया, खुद बाढ़ में बहा पिता

वार्ता शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में मॉनसून बेशक रूठा हुआ है, लेकिन कुछ इलाकों में भारी बारिश हो रही है। ऐसे ही सिरमौर जिले के पावंटा साहिब में गिरिपार इलाके में भारी बारिश हुई है। यहां पर भारी बारिश के बाद बाढ़ आ गया और बेटी को बचाते-बचाते पिता की मौत हो गई। बाद में फ्लैश फ्लड में पिता बह गया और उसकी लाश 10 किमी दूर टौंस नदी में मिली। फिलहाल, पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया है। बाढ़ के पानी में लाश के चेहरे का कुछ हिस्सा गायब हो गया है। सिरमौर पुलिस ने लाश मिलने की पुष्टि की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिरमौर जिले के पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में गिरिपार की डांडा पंचायत का यह मामला है। दरअसल, भारी बारिश से रेतुआ गाँव में अचानक बाढ़ आया और 48 साल का शख्स बह गया। घटना के दौरान शख्स की बेटी साथ थी और किसी तरह पिता ने बेटी को बचा लिया। पिता की पहचान अमन सिंह पुत्र तेलुराम, डांडा, कालाअंब के रूप में हुई है। पिता यह देखने के लिए घर से निकला था कि कहीं बारिश की वजह से घर और गौशाला को खतरा तो नहीं है। फिलहाल, अमन सिंह का शव 10 किमी दूर टौंस नदी से बरामद किया गया है। पुरुवाला थाने के एसएचओ ने बताया कि पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लिया है। उन्होंने बताया की भारी बारिश के बाद इलाके में अचानक बाढ़ आया था। पूरे मामले के बाद लोगों में दहशत और रोष है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से अंधाधुंध पेड़ कटान हो रहा है और ठेकेदारों ने जगह-जगह ट्रेक्टर निकालने के लिए सड़कें बनाई हैं और इस कारण जगह जगह जमीन में मे नाले बन गए और इस कारण लैंड स्लाइड और छोटे-छोटे नालों का निर्माण हो गया है।

### पचमढ़ी मानसून मैराथन में हिस्सा लेने पहुंचे 1100 से अधिक धावक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्थित पचमढ़ी में आयोजित पचमढ़ी मानसून मैराथन में हिस्सा लेने के लिए देश भर के 1100 से अधिक धावक पहुंच गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) के सहयोग से 'एडवेंचर एंड यू' (के.ए. कनेक्ट) द्वारा नर्मदापुरम जिले में स्थित पचमढ़ी में 21 जुलाई को पचमढ़ी मानसून मैराथन का छटवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए इंदौर, भोपाल, नागपुर, मुंबई, नई दिल्ली सहित देशभर से 1115 प्रतिभागी पचमढ़ी पहुंच गए हैं।

### मध्यप्रदेश तक पहुंचा दुकानों पर नाम लिखने का मुद्दा, भाजपा विधायक की मुख्यमंत्री से मांग

**इंदौर।** उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बाद व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों पर संचालक का नाम लिखने का मुद्दा अब मध्यप्रदेश तक पहुंच गया है। राज्य के एक भारतीय जनता पार्टी विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर राज्य में हर दुकान के आगे दुकानदार का नाम लिखने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। इंदौर तीन क्षेत्र से भाजपा विधायक रमेश मेंदोला ने डॉ यादव के नाम संबोधित अपने इस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट किया है। इस पत्र में उन्होंने डॉ यादव से अनुरोध किया है कि व्यक्ति का नाम उसकी पहचान है। हर व्यक्ति अपना नाम बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करता है और व्यक्ति को अपने नाम पर गर्व होता है। राज्य के हर व्यापारी और दुकानदार को अपना नाम बताने में गौरव की अनुभूति हो, इसलिए राज्य शासन को हर स्थाई और चलित दुकान के सामने दुकानदार का नाम लिखना अनिवार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे समाज में दुकानदार की पहचान स्थापित होगी। इससे व्यापार जगत में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी और प्रदेश का विकास तेज होगा। मेंदोला इंदौर तीन से विधायक हैं। उनकी छवि कट्टर हिंदूवादी नेता की है।

## योगी सरकार को नहीं है कोई खतरा : योगेंद्र उपाध्याय

वार्ता इटावा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दावा किया है कि प्रदेश की योगी सरकार को कोई खतरा नहीं है, सरकार को जैसे चलना चाहिए वैसे ही हमारा नेतृत्व सरकार को चला भी रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने 'मां के नाम पेड़' लगाने के कार्यक्रम में मुख्यालय के बाबा साहब भीमराव अंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। दर्जा प्राप्त मंत्री सोनम किन्नर के इस्तीफा देने के मुद्दे पर उपाध्याय ने कहा कि भले ही त्यागपत्र दे दिया गया हो, लेकिन सरकार को किसी भी तरह का कोई खतरा नहीं है सरकार जैसे चलनी चाहिए ठीक वैसे ही हमारा नेतृत्व सरकार को चला रहा है। संसदीय चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में दस विधानसभा सीटों के उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पांच विधानसभा सीटें तो भारतीय जनता पार्टी के पास पहले ही थी जो बची हुई पांच सीटें है उनको पर भी भाजपा ही जीतेगी। इस तरह उनकी पार्टी सभी दसों सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की पोल बुरी तरह से खुल चुकी है। चुनाव में उन्होंने जिस तरह से टकाटक टकाटक की रट लगाई थी जो चुनाव के बाद जनता भली भांति समझ चुकी है। कर्नाटक में पेट्रोलियम पदार्थों के रेट बड़े पैमाने पर बढ़ा टकाटक वसूली करके भी कांग्रेस सरकार ने दिखा दिया हैं, जिससे इंडिया समूह की पोल खुल करके सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बिल्कुल सही ढंग से संचालित हो रही है सरकार को किसी भी तरह का कोई खतरा नहीं है। इंडिया समूह ने चुनाव के दौरान आरक्षण और संविधान का भ्रमझाल जनता के बीच फैलाया था अब जनता उसको भली-भांति समझ चुकी है। अब उनकी कांठ की हंडी बार बार नहीं चढ़ेगी। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के मानसून ऑफर पर उनका कहना है कि वो भले ही कुछ भी कहे, लेकिन मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने से किसी को कोई कैसे रोक सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो हम सब के नेता हैं उन्होंने 'एक पेड़ मां' के नाम का संकल्प के साथ हर हिंदुस्तानी और हर भारतवासी से एक पेड़ लगाने ओर उसे सुरक्षित रखने का आह्वान किया है वह वाकई में लाजवाब है।

## शाहजहांपुर में हथियारों के बल पर की लूटपाट

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में पांच नकाबपोश बदमाशो ने हथियारों के बल पर व्यापारी के परिजनों को बंधक बनकर एक लाख 70 हजार रूपये नगद और सोने के आभूषण लूट लिये। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने शनिवार को बताया कि हाईवे किनारे बसे गांव मिस्रीपुर में शुक्रवार देर रात मोहम्मद लईक अपने घर में अपनी प ी एवं बच्चों के साथ सोया हुआ था। तभी उसके पड़ोस में खाली पड़े मकान से चढ़कर पांच नकाब पोश बदमाश उसके घर में घुस गए। उन्होंने बताया कि तीन लोगों ने मोहम्मद लईक के कनपटी पर जान से मारने की नियत से तंमचा लगा दिया और अलमारी और लाकर की चाबी ले ली। बदमाशो ने अलमारी में रखे करीब 12 तोले सोने के आभूषण और एक लाख 70 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। मीना ने बताया कि आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है। कुछ संदिग्ध लोग सीसीटीवी कमरे में आए है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गई है।

## रतलाम-नीमच खंड पर दोहरीकरण के काम से होगी रेलगाड़ियां प्रभावित

**उदयपुर।** पश्चिम रेलवे का रतलाम- नीमच खंड पर दोहरीकरण के काम होने से नामली और बड़ायला चौरासी स्टेशनों के बीच ब्लॉक होने से रतलाम मंडल की रेलगाड़ियां प्रभावित होंगी। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि दोहरीकरण के चलते दो रेलगाड़ियों को निरस्त किया गया है और छह को शॉर्ट टर्मिनेट ओरिजिनेट किया गया है। सत्ताइस से 29 जुलाई तक रतलाम चित्तौड़गढ़ स्पेशल ट्रेन को निरस्त कर दिया गया है। बीस से 29 जुलाई तक चित्तौड़गढ़ - उज्जैन स्पेशल ट्रेन रतलाम स्टेशन से शार्ट ओरिजिनेट रहेगी और नीमच से रतलाम के बीच निरस्त रहेगी। सत्ताइस से 29 जुलाई तक उदयपुर सिटी - रतलाम एक्सप्रेस नीमच स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी और रतलाम से नीमच के बीच निरस्त रहेगी। छब्बीस से 28 जुलाई तक यमुना ब्रिज-रतलाम एक्सप्रेस नीमच स्टेशन पर से रतलाम के बीच निरस्त रहेगी। सत्ताइस से 29 जुलाई तक रतलाम यमुना ब्रिज- एक्सप्रेस नीमच स्टेशन से शार्ट ओरिजिनेट होगी और रतलाम से नीमच के बीच निरस्त रहेगी।

### अग्निशमन अधिकारी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पेट्रोल पंप को अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की एवज में 10 हजार की घूस लेते अग्निशमन अधिकारी को रँगे हाथो गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित चौधरी के नेतृत्व में की गयी इस कार्यवाही के सम्बंध में बताया गया कि आरोपी फायर इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने एक पेट्रोल पंप के लिये फायर सेफ्टी की एनओसी जारी करने के एवज में 15 हजार की रिश्वत मांगी थी, लेकिन 10 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। परिवादी की शिकायत का शुक्रवार को सत्यापन करवाया गया। शनिवार को परिवादी को एनओसी जारी करवाने के एवज में फायर इंस्पेक्टर को 10 हजार की रिश्वत देने के लिये भेजा गया तभी ब्यूरो की टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## बेकाबू ट्रेलर ने कई वाहनों को लिया चपेट में, दो लोगों की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में देबारी स्थित जिंक चौराहे पर बेकाबू ट्रेलर की चपेट में आई महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शु वार शाम को उदयपुर से डबोक की तरफ जा रहे ट्रेलर ने दस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया था। हादसे में खेमली निवासी चौखाराम डांगी (69), भल्लों का गुड़ा निवासी रोशनलाल गायरी (40) और भैंसड़ा कला निवासी किरण मेघवाल (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को हाइवे अथॉरिटी की एंबुलेंस से एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, वहां उपचार के दौरान चौखाराम की मृत्यु हो गयी थी।

# लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति के बीच प्रशासन के मैदानी अमला सक्रिय

## भैरमगढ़ के इतामपारा कन्या आश्रम के बच्चों सहित 4 परिवारों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर मे लगातार बारिश के होने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देश मे सभी एसडीएम, तहसीलदार बाढ़ की स्थिति पर निगरानी रखे हुऐ है वही मैदानी स्तर पर पटवारी, कोटवार, सचिव सक्रियतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। नदी नाला उफान पर होने से ग्रामीणों को नदी नाला पार नही करने सूचना बोर्ड लगाया गया है एवं स्थानीय अमला भी सक्रियतापूर्वक मौजूद है।

भैरमगढ एवं जांगला में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 बाधित होने पर गाडियों की आवा-जाही बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई थी फिलहाल स्थिति सामान्य है एवं आवागमन शुरू हो गया है। वही भैरमगढ के इतामपारा कन्या आश्रम में पानी भरने के कारण 80 छात्राओ को सुरक्षित अन्य स्थान नए भवन में पहुंचाया गया है। 3-4 कच्चे मकान बाढ़ से क्षति होने के कारण वहाँ के परिवारों को राहत भवन में शिफ्ट किया गया जहां उन्हें खाने-पीने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। बासागुड़ा पोटाकेबिन के बच्चों को सारकेगुडा छात्रावास में शिफ्ट किया गया है। वहीं भोपालपटनम के पेगडापल्ली पोटाकेबिन के 120 बच्चे नवीन पोटाकेबिन बालक सांड्रापल्ली मे शिफ्ट कराया गया है। जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन हेतु जिला एवं बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तर बाढ़ नियंत्रण कक्ष नोडल अधिकारी जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बीजापुर 9165999716, विकास सर्वे डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैरमगढ़ 9305418893, यशवंत नाग डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भोपालपटनम 9329781207, भुपेन्द्र कुमार गांवरे डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उसूर 9584603977, दुकालू राम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर 9343325429, मोहन लाल साहू नायब तहसीलदार भैरमगढ़/ कुटरू 8966850356, सुर्यकान्त धरत नायब तहसीलदार भोपालपटनम (अतिरिक्त प्रभार)/ नायब तहसीलदार उसूर 9479108608 एवं लाकेश कुमार ठाकुर नायब तहसीलदार गंगालूर 9971396872 को नियुक्त किया गया है। जन साधारण उक्त अधिकारी से उनके मोबाईल नम्बर एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर पर बाढ़ की स्थिति तथा बचाव एवं राहत के लिए संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह नगरसेना के टीम को सूचित करने के लिए जिला नगर सेनानी नरसिंह नेताम मोबाईल नंबर 9399263099 एवं प्लाटून कमांडर निर्मल साहू मोबाईल नंबर 8319688397 पर संपर्क किया जा सकता है।

# उच्च प्राशा कुकाड़गारकापाल में बैगलेस-डे पर सामान्य ज्ञान सह सर्पदंश, बिच्छूदंश की जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







बच्चों के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ उन्हें सामान्य ज्ञान की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। अपने आस पास गांव, शहर, विकासखंड, विधानसभा, जिला, राज्य एवं देश में क्या कुछ घटित हो रहा है, इन सभी की भी जानकारी होना बच्चों के बुद्धिलब्धि के विकास के लिए अत्यावश्यक है। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई माह के तृतीय शनिवार को बैगलेस-डे के दिन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल, संकुल-बाखरा, विकासखंड-कोंडागांव, जिला कोंडागांव में शाला में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शाला में अध्ययनरत तीनों कक्षाओं छठवीं, सातवीं और आठवीं के बच्चों को सभी को आपस में मिलाकर तीन टीम में विभाजित किया गया और छत्तीसगढ़ के शहीदों का नाम दिया गया गुण्डाधुर, शहीद वीर नारायण सिंह और डॉक्टर खूबचंद बघेल, और शिक्षकों ने इसके लिए ग्राम स्तर से राष्ट्रीय स्तर के कुल 24 प्रश्न तैयार किए थे और कुल आठ राउंड में सभी टीम को बराबर का मौका देकर प्रश्न पूछा गया एवं प्रत्येक प्रश्न हेतु पांच अंक निर्धारित किया गया था। जिसमें टीम वीर नारायण सिंह ने 45 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, टीम गुण्डाधुर 35 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं टीम डॉक्टर खूबचंद बघेल 20 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रही।

# जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के द्वारा बुनागांव और किबई बालेंगा स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला कोंडागांव अंतर्गत सभी शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता में कसावट लाने विकास खंड के स्कूलों का अधिकारियों के द्वारा सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में संकुल बुनागाँव के जनपद प्राथमिक उच्च/प्राथमिक शाला बुनागाँव में जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, विद्यालय की साफ सफाई-रखरखाव, रंग-रोगन, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। अध्यापन कक्षाओं का अवलोकन करते हुए बच्चों को गणित और विज्ञान से संबंधित सवाल जवाब किए बच्चों के बेबाकी से हाजिर जवाबी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों को ऐसे ही पढ़ाई के साथ-साथ बेझिझक बोलने में भी दक्ष बनाना चाहिए। विद्यालय में आकर्षक अध्यापन-कक्ष, प्रिंट रीच की सजावट, स्वच्छता, बच्चों का अनुशासन में नवाचारी और गतिविधियों के साथ अध्यापन की काफी सराहना की। संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शिक्षक सूरज नेताम, रोशनी साहू के मार्गदर्शन में जवाहर नवोदय विद्यालय और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों के चयनित होने पर शाला के बच्चों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा से पूरे जिले में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल और जिले का नाम रौशन किया है।

# अनुदेशकों ने शिक्षा मंत्री से अधिक्षिका को हटाने की मांग




ग्रामीणों ने कलेक्टर से किया अधिक्षिका को हटाने की गुहार



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

भैरमगढ़ के बेदरे में संचालित कन्या रेसिडेंशियल आवासीय विद्यालय में पदस्त अनुदेशक एवं भृत्यो ने शिक्षा मंत्री केदार कश्यप को मौखिक शिकायत कर अधिक्षिका रुकमणी पल्लो हटाने की मांग किए, अनुदेशको ने अधिक्षिका पर आरोप लगाते हुए बताये की अधिक्षिका बच्चो से अपने खेत में काम करती है, बच्चो के राशन को बेचना,संस्था में पदस्त अन्य कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करना एवं अनुदेशको के चौबीस घंटे सेवा के बाद भी वेतन में कटौती करना जैसे आरोप लगाते हुए शिक्षा मंत्री से शिकायत किये। अनुदेशको ने मीडिया से रुबरु होते हुए कहा कि पिछ्ले करीब 13, 14 सालो से ये पोटाकेबिन में चौबीस घंटे सेवा दे रहे है शुरुवात में सात हजार के मानदेय से कार्य कर रहे है अभी कुछ वर्षो दस हजार रुपये वेतन मिलता है पर अधिक्षिका कुछ न कुछ बहाना कर हर माह वेतन में कटौती कर कभी छ्ह हजार तो कभी सात हजार रुपये ही वेतन मिलता है। अनुदेशको का कहना है कि संस्था के कई कामो में खुद के पैसे लगाकर करते है । संस्था के बच्चों को लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल व उफनती हुई नदी नाले पार कर जान जोखिम में डालकर जाना पड़ता है , ऐसे परिस्थितियों में काम करते हुए कभी स्कूल देरी से पहुंचने या नही पहुंच पाने पर अफसेंट लगाकर वेतन कटौती किया जाता है जिससे संस्था के अनुदेशक एवं भृत्य दुखी है।इससे पहले ग्राम पंचायत बेदरे के सरपंच रेनू पुंगाटी व ग्रामीणों ने सरपंच के लेटर पेड में कलेक्टर बीजापुर को अधिक्षिका रुकमणी पल्लो को हटाने के लिए लिखित शिकायत किये पर कोई कार्यवाही न होता देख संस्था के अनुदेशको ने शिक्षा मंत्री के बीजापुर दौरे पर मंत्री से मिलकर अधिक्षिका हटाने की गुजर लगाने पहुंचे। अनुदेशको ने कहा कि जबसे बेदरे में संस्था खुला है तब से अब तक रुकमणी पल्लो ही अधिक्षिका पद पर पदस्त है , कई बार अधिक्षिका के किलाफ शिकायद हुआ पर अब तक कोई कार्यवाही नही हुआ जिसकारण अधिक्षिका बेखौफ मनमाने तरीके से कार्य करती है।

# 24 जुलाई को कांग्रेस कमेटी करेगी विधानसभा घेराव



**कोंडागांव।** प्रदेश की लचर कानून-व्यवस्था, अपहरण, लूट-पाट, हत्या और विगत दिनों बलौदाबाजार में हुई हिंसा के विरोध में 24 जुलाई को छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पे प्रस्तावित विधानसभा घेराव के संबंध में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं कोंडागांव जिला प्रभारी नरेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन कोंडागांव में आवश्यक बैठक आहूत की एवं विधानसभा घेराव में कोंडागांव जिले से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करवा घेराव को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस बैठक में छग प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री मोहन मरकाम जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव जनपद अध्यक्ष शिवलाल मंडावी सहित जिला कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस महिला कांग्रेस व विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# साइबर अपराध के चार आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोडागांव नगर के यतिन्द्र पाटेल के साथ ठगी का मामला सामने आया हैं। जहां यतिंद्र पटेल ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, चार व्यक्तियों द्वार उसे शेयर मार्केट में लाभ दिलाएंगे कहते हुए शुरूवात में कुछ लाभ दिलाकर झांसे में लाकर फर्जी डिमेट एकांउट खुलवाकर 18 लाख 56 हजार 8 सौ 99 रूपये का धोखधड़ी किया गया हैं। रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक 193 धारा 420, 465, 467, 468, 471, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल की मदद से अपराध से संबंधित समस्त दस्तावेजों का अवलोकन किया गया और अवलोकन पश्चात् थाना कोंडागांव व सायबर सेल के दो टीम तैयार कर प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपियों के पता तलाश हेतु टीम गुना, होशंगाबाद, भोपाल एवं आसपास के जगहों पर टीम के द्वारा लगातार 3 दिन तक रेकी किया गया एवं आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर आरोपीगणों से पूछताछ किया गया। चार आरोपी सौरभ काबरे, नितेश वर्मा, कुलदीप शिलावट, उदीत शिलावट निवासी मध्यप्रदेश के आरोपी गणों के द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से स्कूटी, एचपी कंपनी का लैपटॉप, आई फोन, विवो कंपनी का मोबाइल, आईटेल कंपनी मोबाईल, समसंग कम्पनी का मोबाईल, वनप्लस कम्पनी का मोबाईल, एमआई कम्पनी का मोबाईल, नोकिया मोबाईल और घटना में प्रयुक्त अलग-अलग खातों के 8 डेबिट कार्ड जिसकी किमत लगभग 7 लाख रूपये का पाया गया।

# सिखाया गया सर्पदंश व विषैले जीव जंतुओं से बचने के उपाय




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों की सुरक्षा को बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया हैं। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार 20 जुलाई को प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में सुरक्षित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक मधु तिवारी में बच्चों को बरसात में होने होने वाली आकस्मिक घटनाओं जैसे सर्पदंश बिच्छू आदी विषैले जीव जंतु, प्राकृतिक आपदा, बिजली गिरना, बाढ़ आना, आदि से बचने के लिए यूट्यूब वीडियो व स्वयं प्रदर्शन कर प्रयोगिक उपाय के बारे में बच्चों को बताया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस नं.:** TRS-BIA-24-25-TFP-04
**कार्य का नाम:** विद्युत लोको शेड भिलाई में 3-फेस लोकोमोटिव WAG9 के 04 Nos. लॉट 6500KVA मुख्य ट्रांसफार्मर की मरम्मत / रिवाइंडिंग। **काम की लागत:** ₹ 2,40,11,064.80 (रु. दो करोड़ चालीस लाख ग्यारह हजार चौसठ और अस्सी पैसे मात्र), **बोली सुरक्षा / बयाना राशि जमा:** ₹ 2,70,100.00 (रु. दो लाख सत्तर हजार एक सौ मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) महीने। **निविदा समाप्ति की तिथि व समय:** दिनांक **13.08.2024** को **11:30** बजे। **वेबसाइट विवरण** और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं: **http://www.ireps.gov.in**

**सहा. मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा), द.पू.म. रेलवे, भिलाई**
PR/R/TRS/FL/82
South East Central Railway @secrail

## पीड़िता व उनके परिवार से मिलने जद्दोजहद के बाद भी नहीं हुई मुलाकात

# छात्रावास मामले की जांच में पहुंची महिला आयोग की सदस्य ने छात्रावास की अव्यवस्था को लेकर की प्रेसवार्ता

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कोयलीबेड़ा ब्लॉक के एक छात्रावास में घटित मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है जहां शिकायतकर्ता जांच हेतु दिल्ली से पहुंची महिला आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल के सामने इस घटना को लेकर मुकर रहे है जिससे दिल्ली से आयी टीम व प्रशासन को जांच में दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है वहीं इस मामले में पीड़ित से भी टीम नहीं मिल पाई।

महिला आयोग की सदस्य ने छात्रावास में फै ली अव्यवस्था को लेकर प्रशासन को घेरे में लेते हुए कई खामियां गिनाई जिसे मीडिया के सामने रखी गांव की महिला सरपंच व स्कूल के अध्यापक जिनके द्वारा शिकायत की गई है वे खुद ही अब इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहे है जो कि एक जांच का विषय है। उनका कहना था कि पीड़ित परिवार ही आगे नहीं आना चाह रहे व जितने भी गवाह है वे भी इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। इस सबंध में महिला आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज ने बताया कि कई बिंदुओं में हम ने जांच किये व रिपोर्ट तैयार किया है।

**धर्मांतरण जैसी कोई बात नहीं आई सामने** - इस मामले में दिल्ली से विशेष जांच हेतु पहुंची महिला आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने बताया कि धर्मांतरण की बात को लेकर जो चचाएं हो रही है वहां ऐसी कोई बात देखने को नहीं मिली वहां की छात्राओं से पूछ ताछ करने पर ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है।

**दवाईयां तो डब्बे पैक लेकिन उपयोग नहीं** - महिला आयोग की सदस्य व उनकी टीम के द्वानरा बताया गया कि छात्रावास में दवाईयों की ढेर थी लेकिन उसका उपयोग कैसे करना है और किस बीमारी के लिए करना है इसकी जानकारी न होने व न इसके उपयोग के बारे में छात्राओं बताया गया था जिसके कारण दवाईयों का ढेर वहां पड़ा हुआ था जिसमें एन्टी बाईटिक गोलियां, ओआरएस घोल के पैकेट, ग्लूकोज सहित तमाम अच्छी दवाईयां वहां पैकेट के पैकेट पड़े हुए थे जिसका उपयोग होना था पर अनदेखी व लापरवाही के चलते इसका उपयोग नहीं हो पाया हमारी टीम ने तत्काल वहां मौजूद बच्चों को ओआरएस घोल पिलाया गया।

**गद्दो का ढेर पर उसका भी उपयोग नहीं** - छात्रावास में अच्छी कंपनी के गद्दे तो भेजे गये थे लेकिन इसका भी उपयोग छात्रावासी बच्चों को करने नहीं दिया गया एक गद्दे में दो से तीन बच्चे विश्राम करते मिले आखिर बच्चों के लिए भेजे गये गद्दो का उपयोग क्यों नहीं हुआ और यदि नहीं हुआ तो भी यह जांच का विषय है।

**तार का बंडल पड़ा है लेकिन घेराव नहीं** - जिस छात्रावास की यह घटना है वहां जांच टीम पहुंची तो सबसे पहले सुरक्षा को लेकर छात्रावास में घेरा या बाऊड्रीवाल होना चाहिए था वह भी नहीं था तार बंडल वैसे ही पड़ा हुआ था जिससे कोई भी छात्रावास में आवाजाही कर सकता है आखिर जिनकी जिम्मेदारी में ये छात्रावास है वे निरीक्षण करते है या फिर निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर केवल सरकार से पैसे ले रहे यह भी गंभीर जांच का विषय है।

### शौचालय की स्थिति भी दयनीय

इस छात्रावास की दुर्दशा इसी बात से लगाई जा सकती है कि भारत सरकार द्वालरा स्वच्छता को लेकर एक मुहिम चलाई जा रही है जिसमें सार्वजनिक स्थानों, घरों व अन्य जगहों पर लाखों रुपये खर्च कर शौचालय का निर्माण कराया जा रहा जिससे सभी लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरुकता लाई जाये लेकिन छात्राओं को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है क्योंकि यहां का शौचालय व बाथरुम जर्जर हो गया है। इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से उनके नंबर पर सम्पर्क किया गया किंतु उनका नंबर बंद आया।

**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर छ.ग.**

**// निविदा-सूचना //**

**वार्षिक/अर्द्धवार्षिक निविदा वर्ष 2024-25 "प्रथम"**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 98/ निर्वाह/2024 रायपुर, दिनांक 16/जुलाई/2024

केन्द्रीय जेल रायपुर में परिरूध्द बंदियों हेतु सब्जियां एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। यह निविदा सब्जी हेतु अर्द्धवार्षिक एवं अन्य आवश्यक सामग्री हेतु वार्षिक होगी। इच्छुक व्यापारी निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर किसी भी कार्यालयीन दिवस में फर्म के लेटरपैड पर आवेदन एवं जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत कर सब्जी क्रय हेतु निविदा फार्म रू. 1,000/- एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय हेतु निविदा फार्म रू. 2000/- का नगद भुगतान कर दिनांक 16.08.2024 तक समय प्रातः 09:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रायपुर से प्राप्त कर सकते हैं एवं निविदा से संबंधित जानकारी जेल विभाग की वेबसाईट jail.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 16.08.2024, समय सुबह 9:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि -20.08.2024, समय सुबह 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि 20.08.2024 समय सायं 4:00 बजे।

कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर (छ.ग.)।

**जेल अधीक्षक**
**केन्द्रीय जेल रायपुर**
**छत्तीसगढ़**

G-242501178/3

# भाजपा की वृहद कार्यसमिति बैठक हरदिहा साहू समाज भवन में संपन्न

## भाजपा का कार्यकर्ता कभी थकता और रुकता नहीं है, निरंतर ही जनसेवा में लगा रहता है: शिवरतन शर्मा, सरकार चलाने की जिम्मेदारी केवल विधायक, मंत्री, सांसदों की नहीं बल्कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की है: टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन विशेष तौर पर जिला के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा,प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिला संगठन प्रभारी नीलू शर्मा, हलधर साहू, प्रकाश बैस, पिंकी शिवराज शाह,रंजना साहू,श्रवण मरकाम, इंदर चोपड़ा, महेंद्र पंडित, नेहरू निषाद के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा की विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम का परिणाम आज सामने है प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार हैएमोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने । आज भाजपा विश्व की सबसे बडी राजनीतिक दल है क्योकि भाजपा का कार्यकर्ता कभी थकता और रुकता नहीं है हम एक चुनाव के खत्म होते ही समीक्षा कर दुसरे चुनाव के तैयारी में जुट जाते है बाकि राजनीतिक दलों की तरह सिर्फ चुनाव के दौरान ही नहीं दीखते, आगामी चुनाव नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्यकर्ताओ का चुनाव है जिसमें भाजपा का कार्यकर्ता नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों में विजयी होकर प्रतिनिधित्व करे यह सुनिश्चित करना है। शर्मा ने कहा 6 माह में भाजपा ने विधानसभा और लोकसभा में शानदार जीत हासिल की। विधानसभा में हमने चौथी बार सरकार बनाई है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने हर बार बेहतर प्रदर्शन किया है। भाजपा ने 51 प्रतिशत मत का लक्ष्य रखा। इस बीच थर्ड फ्रंट की राजनीतिक भूमिका नगण्य हो गई। 2023 का विधानसभा चुनाव हमने 46.27 प्रतिशत मत हासिल किया। जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में हमने 52.6 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। 1980 से लगातार भाजपा की सीटों और मत प्रतिशत में वृद्धि हुई। शर्मा ने कहा गठबंधन.राजनीति के कार्यकाल की चर्चा करते हुए साफकिया कि लोकसभा चुनाव में एनडीए ने चुनाव पूर्व गठबंधन के तौर पर 293 सीट हासिल कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। भाजपा ने धारा 370 और 35 ए अनुच्छेद खत्म करके डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। राम मंदिर का निर्माण हुआ। कांग्रेस के राम मंदिर आंदोलन को हराने के कथन पर कटाक्ष कर कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर भाजपा कार्यकर्ता गौरांवित है। शर्मा ने कहा कि देश में भाजपा सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्जवला गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त राशन की चर्चा करते हुए भी शर्मा ने 6 माह की छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कार्यों का भी उल्लेख किया और कहा कि धान खरीदी, बोनस भुगतान, महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता की खरीदी का मूल्य बढ़ाने का काम बीजेपी सरकार ने किया। नक्सलवाद समाप्ति के कगार पर है 140 इनामी नक्सलियों को मार कर प्रदेश सरकार ने संदेश दे दिया कि या तो नक्सली आत्म समर्पण करें या फिर मौत उनकी नियति है मोदी की गारंटी पुरी करके सुशासन स्थापित किया है। कांग्रेस शासन काल के अन्यायए अत्याचारए भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि आज भी कांग्रेस प्रलाप कर रही है और हिंदुओं को हिंसक बता रही है। अल्पसंख्यकों को सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार और अवसर भारत में मिला यह हिंदुओं की उदारता का प्रमाण है। कांग्रेस की विपक्ष की भूमिका देश और प्रदेश में नकारात्मक है। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति में हुई चर्चा और तय कार्य योजना को लेकर जन.जनतक जाना है। कांग्रेस शासन काल में भाजपा के आंदोलनों में जनता के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं के परिश्रम ने भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया है। कांग्रेस के खिलाफ हुए चरणबद्ध आंदोलन में कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने भाजपा को जीत दिलाई है। लेकिन यह जीत अभी आधा सफर है। हम सरकार सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए ही नहीं बनाते। अभी और आगे जाना है पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक जब तक भाजपा का झंडा नहीं फहराएगा हमारा सफर अधूरा है। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के वोट बैंक को पूरी तरह घटाकर हम बीजेपी को मजबूत बनाएंगे इसलिए हमें निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने के लिए एकजुट होना है।

वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से खड़ा है। इसलिए विश्व मोदी की बात सुनता है। इसलिए हमें निकाय और पंचायत चुनाव में एकजुटता दिखानी है। पार्टी का प्रत्याशी चाहे कोई भी हो, चुनाव में भाजपा को जीताना है। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज हम सत्ता में हैं लेकिन सरकार चलाने की जिम्मेदारी सिर्फ विधायक, मंत्री, सांसदों की नहीं है हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के हित का चिंतन करना होगा। सरकार के कार्यों व योजनाओं को लेकर जन.जन तक जाना है। प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें समन्वय कायम करके समयबध्द तरीके से लक्ष्य को हासिल करना होगा।

### प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा की राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन

प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने कार्यसमिति बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन किया उन्होंने बताया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लिया जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या भारी रही कश्मीर की घाटी में रिकॉर्ड तोड़ मतदान भाजपा के शासनकाल में हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत मात्र 10 वर्षों में 11वे स्थान से उठकर के विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है 2021 से 2024 तक कोविड.19 महामारी और वैश्विक संघर्षों का सामना करने के बावजूद भारत ने 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से विकास किया है, आईटी परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा सेमीकंडक्टर सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन इलेक्ट्रॉनिक सामान ग्रीन हाइड्रोजन और बैटरी से उभरते क्षेत्रों में भी भारत ने रोजगार व रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। रामू रोहरा ने कहा कि पीएम किसान सम्मन निधि योजना के अंतर्गत 3 लाख करोड़ से अधिक किसानों को 20000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई है भारत सरकार भारतीय शेरों को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ और आधुनिक सिद्धांत से सुसज्जित बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर के कार्य इन 10 वर्षों में किया है एयरलाइन मार्गो में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है मेट्रो रेल प्रणाली 21 शहरों तक भारत सरकार ने पहुंचाया है। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को अत्यधिक मजबूत बनाते हुए वंदे भारत जैसी रेल का परिचालनइस सरकार ने किया है पीएम ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीन लाख 80 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़क सढके सरकार ने 10 वर्षों में बनाई है 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास महिला लाभार्थियों को आवंटित किया है।

# पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में बाल कैबिनेट का गठन निर्वाचन प्रणाली से हुआ



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट मे बाल कैबिनेट का गठन निर्वाचन प्रणाली से हुआ। जिसमे प्रधान मंत्री पद के लिए उम्मीदवार रिया गिरी एवं देविका पटेल, शिक्षा मंत्री पद के उम्मीदवार सोनालिका एवं पूरब, खेल एवं संस्कृति मंत्री पद के लिए रोशनी एवं खुशबू,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री पद के तुलसी एवं भावेश, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री पद के लिए उषा एवं हिना,सुरक्षा एवं जनसम्पर्क मंत्री पद हेतु खुशी एवं मोहित ने उम्मीदवारी क़ी। शाला मे आज मतदाताओं की संख्या 75 थे, जिसमे कु. रिया गिरी देविका को 05 मतों से, कु.सोनालिका ने पूरब को 25 मतों से, कु. खुशबू ने रोशनी को 07 मतों से, भावेश ने तुलसी को 05 मतों से, कु. उषा ने हिना को 11मतों से तथा मोहित ने खुशी को 10 मतों से पराजित किया। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से निर्वाचित सभी उम्मीदवारों को क्रमशः नोडल अधिकारी प्रभा जगत (शिक्षिका) द्वारा प्रधानमंत्री, शिक्षामंत्री,खेल एवं संस्कृति मंत्री,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री,सुरक्षा एवं जनसम्पर्क के दायित्व को बताकर शपथ ग्रहण कराया गया। निर्वाचन से शपथ कार्यक्रम तक पूर्ण सहयोग नरेश यादव का रहा। विद्यार्थियों मे नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु बाल केबिनेट का अत्यंत आवश्यक है, इसप्रकार के गतिविधियों से बच्चों मे नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, बच्चों मे उमंग उत्साह का माहौल था, बच्चे मतदान कर खुशी से झूम रहे थे।

# ग्राम पंचायत बिलाड़ी में नेवता भोज का आयोजन




**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिलाड़ी में सरपंच सोना श्रवण यदु के द्वारा बिते दिन नेवता भोज का आयोजन अपने भतीजे पंकज यदु एवं ऋतु यदु के शादी के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं नवीन प्राथमिक शाला बिलाड़ी में आयोजित किया गया। जिसमें तीनों विद्यालय मिलाकर लगभग 400 बच्चे लाभान्वित हुए। नेवता भोज कार्यक्रम में बच्चों को चावल, दाल, सब्जी के साथ लड्डू, पूड़ी एवं बड़ा खिलाया गया। इस अवसर पर हमारे संकुल प्राचार्य सुभाष चंद्र शर्मा के द्वारा सरपंच सोना श्रवण यदु को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा पूरे विद्यालय परिवार बिलाड़ी की ओर से नव दंपति पंकज यदु एवं ऋतु यदु को उपहार भेट कर शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। नेवता भोज में मुख्य रूप संकुल प्राचार्य डॉ. सुभाष शर्मा, व्याख्याता बघेल सर, संकुल समन्वयक भूपेंद्र साहू, संतोष निषाद, अश्वनी शर्मा, राजकुमारी मात्रे सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, शाला प्रबंधन समिति सदस्य एवं ग्रामवासी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने वृक्षारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प!



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण का देखभाल स्वस्थ स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। माना जाता है कि जलवायु पेड़ पौधों के ऊपर निर्भर होता है। अनुकुल जलवायु से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है ,जिस तरह पेट की भूख शांत करने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है ,उसी तरह स्वस्थ शरीर के लिए अनुकुल जलवायु का होना आवश्यक है। पेड़ पौधो का जीवन में कितना महत्ता है उसे आत्मबोध करते हुए तिल्दा-नेवरा नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने वृक्षारोपण अभियान का शुरूआत कर एक संदेश दिया है। रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा के नगरपालिका उपाध्यक्ष व समाजसेवक विकास सुखवानी जो नगर विकास के प्रति हमेशा से गंभीर रहा है । उन्होंने नगर के राजस्थान हार्डवेयर के पिछे परिसर में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का बीड़ा उठाया है । इस दरम्यान नगरपालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि जीवन में जल जंगल जमीन का अति महत्व है । एक स्वस्थ शरीर के निर्माण में इनका अहम भूमिका है ,इसे नजर अंदाज नहीं करना चाहिए । प्रकृति का अंश पेड़ पौधो से एक अनुकूल जलवायु की प्राप्ति होती है। उन्होंने नगरवासियों से अपेक्षा करते हुए कहा है कि वृक्षारोपण कर उसके संरक्षण के लिए सजग रहने की आवश्यकता है । वृक्षारोपण के कार्यक्रम मे डॉ भोजराज मोहनानी, निखिल पोपतानी, विजय रूपरेला, रोशन वाधवानी, राहूल रिझवानी, मोहित विधानी, लोकेश बजाज का विशेष सहयोग रहा।

# डी. क़े. कॉलेज में अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन 26 तक

**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा अधिकारी क़े रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि व्याख्याता एवं क्रीड़ा अधिकारी हेतु आवेदन 26 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किये गए हैं। प्राप्त जानकारी क़े अनुसार समाज शास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, कम्प्यूटर साईस विषय में एक -एक अतिथि व्याख्याता एवं एक अतिथि क्रीड़ा अधिकारी कुल 8 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दास्तावेज क़े साथ आवेदन 26 जुलाई 2024 कों सायं 5:30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक क़े हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत विज्ञापन संस्था क़े नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइ gdkcbalodabazar. ac.in से प्राप्त किया जा सकता है।

# भू-स्वामियों के पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का सुधार करेंगे तहसीलदार

**बलौदाबाजार।** राज्य के भू-स्वामियों को पटवारी रिकार्ड में त्रुटियों में सुधार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर राजस्व विभाग ने भू-स्वामियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अब पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को अधिकृत किया है। पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-स्वामियों के पटवारी रिकार्ड के त्रुटियों को निराकृत करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के अभ्यावेदन पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी और इसके लिए तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ राज पत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्र. 20 सन् 1959) की धारा 24 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को भूमि स्वामी उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करने अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व रिकार्ड में कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना, भूमि के एक फसली तथा बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करने के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया गया है।

# वृंदावन के भागवताचार्य हित ललित वल्लभाचार्य जी महराज राधारानी दर्शन व शिष्यों भागवत प्रेमियो से स परिवार मिले



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा के स्टेशन रोड बनिया पारा में श्री राधाकृष्ण मंदिर में वृंदावन के भागवताचार्य हित ललित वल्लभाचार्य जी महराज, राधारानी किशोरी जी के दर्शन एवम् अपने शिष्यों व भगवतप्रेमियो से मिलने सपरिवार पहुंचे उन्होंने बताया की तिल्दा नेवरा एक शुभकार्य में उनका यहां आना हुआ है। पहले उन्होंने किशोरी जी के दर्शन किए और उसके बाद सकिर्तन सत्संग किया सत्संग में उन्होंने बताया की क्रोध व विपत्ति में विवेक को नहीं खोना चाहिए ।

# नोकार्ड टीम ने मेडिकल स्टोर्स में मारा छापा,नशीली दवाओं के संबध में ली जानकारी





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा नितिन तिवारी के मार्गदर्शन मे नशीली दवाओं के अवैध विक्रय मे रोक लगने के लिए बनी नोकार्ड टीम के द्वारा भाटापारा शहर मे स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का जाँच किया गया। निरिक्षण के पूर्व एक व्यक्ति को डमी कॉस्टमर बना कर टेस्ट परचेस कराया गया जिसमें मेडिकल स्टोर्स से अवैध विक्रय नहीं पाया गया। निरीक्षण किये गए मेडिकल स्टोर्स को दवाइयों के क्रय विक्रय रिकॉर्ड का सत्यापन करने के निर्देश दिया गया। रिकॉर्ड मेल नहीं होने पर औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 के तहत कार्यवाही किया जाइएगा। भाटापारा शहर के मनोहर मेडिकल स्टोर्स,भारत मेडिकल स्टोर्स, चावला मेडिकल स्टोरर्स, ओम मेडिकल स्टोर्स, अंकित मेडिकल स्टोर्स, श्री साईं मेडिकल स्टोर्स, विनायक मेडिकज़ की जाँच किया गया। निरिक्षण दल मे किशोर ठाकुर औषधि निरिक्षक, थाना प्रभारी भाटापारा शहर परिवेश तिवारी, शिव नारायण कुर्रे,सहायक निरिक्षक,महेन्द्र साहू व ईश्वव यादव आरक्षक सम्मिलित थे।

# खुशी हास्पीटल में 21जुलाई को नि :शुल्क लीवर परिक्षण का आयोजन

**तिल्दा-नेवरा।** नगर के एक निजी हास्पीटल में निःशुल्क लीवर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगर में संचालित खुशी हास्पीटल में रविवार याने की 21 जुलाई दिन रविवार को निःशुल्क लीवर जांच शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया गया है।।इस शिविर में नगरपालिका उपाध्यक्ष व समाज सेवक विकास सुखवानी का विशेष योगदान होगा। निःशुल्क लीवर परिक्षण शिविर को लेकर खुशी हास्पीटल के संचालक डां भोजराज मोहनानी ने बताया कि लीवर परिक्षण मे निजी तौर पर आठ से दस हजार रुपए तक की लागत लगती है, वहां पर परीक्षण खुशी हाईस्पीटल के सौजन्य से निःशुल्क किया जा रहा है।




# संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष हरिता ने बताई अपनी संघर्ष यात्रा

## अमृतकाल छग विजन 2047 कार्यक्रम का रायपुर में हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ के द्वारा विगत दिनों विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन मुख्य आतिथ्य के रूप में तथा ओप पी चौधरी वित्त एवं योजना मंत्री छग शासन कार्यक्रम की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस, सिविल लाईन, रायपुर में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश के युवा, कृषक, महिला समूहों व प्रबुद्धजनों के साथ विचार-विमर्श एवं चर्चा किया गया। जिसमें सरायपाली अन्नपूर्णा महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष हरिता पटेल भी प्रतिभागी बनी। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किये। संवाद कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से अनेक युवा, कृषक, महिला समूह, प्रबुद्धजन शामिल हुए थे, जिसमें सरायपाली से हरिता भी पहुंची थी। उन्होंने अपने संघर्ष से स्वाभिमान तक महिला सशक्तिकरण की पहल पर बातचीत कर अपना अनुभव साझा किये। जिसमें वे अपना अनुभव साझा करते हुए हरिता ने बताया कि वह एक महिला किसान व बिहान की बेटी ग्राम चकरदा सरायपाली ब्लाक से है तथा 18 मई 2016 को उनका विवाह हुआ धरेलु हिंसा पिडित के चलते यह शादी नहीं टीक पाई। इस घटना के बाद समाज व परिवार में बेहद संधी का सामना करना पडा। उसके पश्चात बिहान के रुप में उन्हें एक उम्मीद कि किरण दिखाई दी और 2019 में बिहान मे सक्रिय महिला के रुप में चयन किया गया। अन्नपूर्णा स्वयं सहायता के माध्यम में मध्यान्ह भोजन चलाने के साथ-साथ सिलाई कढाई का कार्य आंरभ किया, बिहान की सहायता से विभिन्न व्यापार को अन्य गांव तक भी बढ़ाते हुए पूरे सरायपाली में करने लगे। आर. सेटी के सहयोग से स्वंय सहायता समूह के साथ मिलकर घरेलु उत्पाद आचार, बडी पापड व साबुन, हार्पिक, फिनाइल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, निर्माण का कार्य व विकय का कार्य आरभ किया। समय के साथ-साथ मेरा आत्मविश्वास व आय बढने लगा। सन 2021 में एच.डी.एफसी परिवर्तन व जी.टी. संस्था व बिहान के सहयोग से स्त्री (समाजिक और परिवर्तनकारी गगप्रमीण आर्थिक सश्क्तीकरण कार्यकम) के अन्तर्गत सरायपाली स्वाभिमान महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड में उनका चयन बोर्ड ऑफडॉयरेक्टर के पद के लिए हुआ। महिला किसान के लिए शासकीय योजना जैसे बीज ग्राम, पोशन बडी, पशुपालन, कृषि प्रशिक्षण, स्वाभिमान कृषि सेवा केन्द्र इत्यादि का संचालन कर रहे है।

# डोंगर रथ यात्रा में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद..मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपये देने की घोषणा की

*भालू डोंगर को पर्यटन स्थल घोषित करने शासन प्रशासन से करेंगी मांग*



**सरायपाली।** ग्राम केसराटाल में आयोजित डोंगर रथ यात्रा में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नंद ने भगवान जगन्नाथ की छायाचित्र में पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि रथ यात्रा कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भालू डोंगर क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हम शासन प्रशासन से मांग करेंगे। विधायक नंद ने सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपये की राशि देने की बड़ी घोषणा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भालू डोंगर पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रभान नायक, उपाध्यक्ष अर्जुन प्रधान, सचिव आत्माराम चौधरी, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, जगबंधु साहू, मोहन लाल भोई, निर्मल बढ़ई, डॉ सुरेश तांडी, सौमित्री बढ़ई, प्रदीप साहू, कैलाश साहू, शंभू साहू, मोहन साहू, नित्यानंद बारिक, वीरेंद्र बारीक, प्रकाश साहू, रशिक सेठ, श्रीराम प्रधान, लक्ष्मण मांझी, कृष्णा पटेल, दिलकिशोर प्रधान,लिंगराज साहू, महेंद्र भोई, दुष्यंत साहू, जयंत यादव, प्रियांशु चौहान सहित समिति के सदस्य और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फसल बीमा राशि नहीं मिलने से किसानों में रोष

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

एक तरफशासन प्रशासन द्वारा फसल बीमा कराए जाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाई जा रही है वहीं दूसरी ओर पिछले रबी सीजन में कराये गए फसल बीमा का लाभ किसानों को अब तक नहीं मिल पाया है। पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से बिछियां सागरपाली रोहिना क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। खा़सकर गेहूं फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई । ओलावृष्टि का प्रकोप सागरपाली रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16.04. 2024 को जमा किया गया है। रोहिना एवं बिछियां के



किसानों ने गेहूं फसल के लिए बीमा भी करवाया था जिसका लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। पिछले 20 मार्च को सागरपाली रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई।जिन किसानों ने गेहूं, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे बर्बाद भी फसल को देखकर माथा पकड़ लिये। ओलावृष्टि से रोहिना, कापुडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई। रोहिना के रूपानंद साहू ने बताया कि गेंहू पककर कटाई के लिये तैयार थी ऐसे समय में ओलावृष्टि होने से पूरी तरह से गेहूं झड़ कर नीचे गिर गया और उत्पादन पूरी तरह से प्रभावित हुआ। उसने करीब 5 एकड़ में गेहूं की फसल ली थी जहां पिछले वर्ष करीब 80 पैकेट हो गया था इस बार मुश्किल से 25 पैकेट हुआ है। वीरेंद्र सेठ ने बताया कि गेहूं बोया था ओला गिरने से पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। लागत भी नहीं निकला। सागरपाली के वृंदावन साहू ने बताया कि उसने गेहूं और मूंग लगाया था ओलावृष्टि की वजह से पूरी तरह से चौपट हो गया। किसानों ने बड़ी उम्मीद के साथ बीमा कराया था। बीमा के लिये किसान कृषि विभाग एवं बीमा कम्पनी का चक्कर काटने विवश हैं। किसानों ने तत्काल फसल बीमा राशि दिलाए जाने की मांग शासन से की है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी पहुंचे जशपुर जिला अस्पताल वार्ड और शौचालय में साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश

## बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी भर्ती : मंत्री जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शनिवार को जशपुर जिले के प्रवास के दौरान राजा देवशरण जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों का हालचाल पूछा और जिला चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा जांच उपकरणों एवं दवाओं की जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव कराने के साथ ही अस्पताल की रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने सीटी स्कैन, पोषण पुनर्वास केंद्र, पंजीयन कक्ष, ओपीडी कक्ष, कैंसर वार्ड, आईसीयू वार्ड, पोस्ट पेशेंट वार्ड, खून जांच लैब, मातृ शिशु स्वास्थ्य कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कक्ष में सीलिंग फॉल लगाने के लिए प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए।

**आयुष्मान कार्ड पर जोर** -स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जायसवाल ने आयुष्मान कार्ड समय पर बनाने कहा जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों से बातचीत कर निरंतर बेहतर चिकित्सा सेवा देने प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सफाई कर्मियों से भी बातचीत की।

**डॉक्टर की भर्ती होगी** -स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सों की जरूरत है आवश्यकता के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती भी की जाएगी।

**साफ -सफाई रखने के निर्देश** - ऑक्सीजन प्लांट की रिपेयरिंग कराई जाएगी इसके लिए अस्पताल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन को सभी आवश्यकताओं का प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने की निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर, वार्ड, शौचालय को साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित** -निरीक्षण के दौरान जशपुर विधायक रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव,स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, पुलिस विभाग के अधिकारी, सीएमएचओ सहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चिराईपानी (पूर्व) में पूंजीपथरा पुलिस ने लगाया जन चौपाल

- नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी ने रहवासियों की दी नवीन कानूनों की जानकारी, सुनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अधिकारियों द्वारा जन चौपाल ध्शिकायत निवारण शिविर आयोजित कर आमजन से रूबरू होकर उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कल थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिराईपानी (पूर्व) में पुलिस जन चैपाल लगाया गया। चैपाल में नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर एवं थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा ग्रामवासियों को नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त रूप में जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी ने वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड की जानकारी देकर ग्रामीणों को फ्रॉड से बचने के तरीके बताए। उन्होंने रहवासियों को अनजान नंबरों से आए फोन कॉल पर बैंक अथवा निजी जानकारी, ओटीपी शेयर नहीं करने बताया और लॉटरी या रूपये दुगने करने वाली स्कीम के झांसे में नहीं आना कहा गया और साइबर हेल्प लाइन- 1930 एवं व्हाटसअप हेल्प लाइन 9479281934 की जानकारी दी गई। नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर ने चैपाल में रहवासियों से उनकी समस्याएं पूछा गया। रहवासियों ने सड़क पर गढ्ढों से परेशानी होना और सड़क सुधार शीघ्र कार्य कराने कहा गया जिस पर नायब तहसीलदार द्वारा सड़क सुधार कार्य में गति लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का आश्वसान दिया गया और चैपाल में उपस्थित उद्योग प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं चैपाल में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी भवन, जल जीवन मिशन को लेकर अपनी समस्याओं रखी जिनका उचित निराकरण चैपाल में किया गया। थाना प्रभारी द्वारा बरसात के समय वाहन चलाते समय अधिक सावधानी रखने कहा गया और पुलिस की मदद के लिये थाना प्रभारी पूंजीपथरा के नंबर- 94791-93227 एवं डॉयल 112 पर कॉल करने कहा गया। जन चैपाल में स्थानीय ग्रामीणों के साथ उद्योग प्रबंधक, थाना पूंजीपथरा के सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, सरस्वती महापात्रे, प्रधान आरक्षक अमित तिकी व स्टाफमौजूद रहे।

# एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हुआ एकजुट

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



एनएचएम कर्मचारियों का लंबी 27ः वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग के संबंध में प्रदेश स्तरीय दो दिवस धरना प्रदर्शन आंदोलन रायपुर में 22 एवं 23 जुलाई को दो दिवस किया जाना है, इस हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन दिए, ज्ञापन देते समय एनएचएम कर्मचारियों में एक जुड़ता दिखाई दिया. एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है इसके बाद भी कोई भी कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारी में भारी रोश व्याप्त है जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे हैं ज्ञात होगी पिछली जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रदान किया गया था कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि उक्त वेतन वृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन मनरेगा,समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27ः वेतन वृद्धि अब तक अप्राप्त है जिसके कारण कर्मियों में भारी निराशा एवं रोश व्याप्त हैं, जिससे विवश होकर एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 22 व 23 जुलाई को बड़ी आंदोलन के तैयारी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मुंगेली के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है, उक्त कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ेगा ।

**निम्न कार्यक्रम प्रभावित होगा** - डिलीवरी संस्थागत प्रसव टीकाकरण, ओपीडी, आईपीडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी टेस्ट,दवाई वितरण,मलेरिया, गर्भवती महिलाओं का रूटीन टेस्ट, एच आई वी एड्स टेस्ट जाँच एंव काउंसलिंग,डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम पर प्रभावित हो सकता है, वर्तमान में जिला में डायरिया नियंत्रण एंव मलेरिया के संभावित मरीजों का सर्वे चल रहा हैं कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से सभी स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होगा आम जनता को परेशानी का करना पड़ेगा सामना।

# कार्बन रसीद में हेरा फेरी, कूटकरण, गायव एवं साक्ष्य छिपाया गया, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अनिल कुमार तंबोली निवासी मुंगेली के लिखित रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली मैं अपराध अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला मुंगेली गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली एस आर धृतलहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक तेजनाथ सिंह के द्वारा विवेचना किया गया मामले में टीम गठित कर प्राप्त दस्तावेज साक्ष्य एवं गवाहों के कथन के मुताबिक आरोपी मोरिस राज सिंह तत्कालीन सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहोद जिला जांजगीर चाम्पा को 18/07/24 को टीम सउनि शत्रुहन खूंटे हमाराह स्टाफ द्वारा राहोंद जिला जांजगीर चांपा से नोटिस देकर तलब किया गया एवं यतेंद्र पांडे तत्कालीन कैशियर नगर पालिका परिषद मुंगेली को नोटिस देकर तलब किया गया पूछताछ करने पर आरोपी मोरीस राज के द्वारा 2022 एवं 2023 में कुल 17 नग मवेशी बकरी बकरा रसीद में वसूली किया गया एवं कैशियर यतेंद्र पांडे के पास वसूली रकम एवं कलेक्शन रजिस्टर को जमा करना बताया. मॉरिस राज के द्वारा प्रति पर्ण कार्बन रसीद में हेरा फेरी कूटकरण किया गायव एवं साक्ष्य छिपाया गया. अतः धारा 201 भादवी जोड़ी गई. कैशियर यतेंद्र पांडे के द्वारा भी जमा रसीद को पेश न करते हुए मॉरिस राज सिंह के अवकाश अवधि में रसीद क्रमांक 129 राम भजन यादव के नाम से जारी रसीद बुक में मवेशी बाजार वसूली की रकम को मॉरीश राज एवं उसका सहायक शशांक डेविड एवं कैशियर यतेंद्र पांडे के द्वारा साठगांठ कर कैश बुक में दर्ज किया गया है विवेचना में दस्तावेजी साक्ष्य के मुताबिक आरोपी मोरीस राज सिंह एवं यतेंद्र पांडे के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर 19/07/2024 को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय टेमरी में किया गया पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बेगलेस डे के अवसर पर आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय टेमरी में 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के तहत पीपल, नीम, कदम, रामफल, आम और कोनोकोर्पस आदि के 20 पौधों का रोपण कर ट्री-गार्ड लगा संरक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक उमेश पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ सदैव पूजनीय रही हैं और हमारी संस्कृति में प्रकृति को भी माँ के दर्जे से नवाजा गया है साथ ही प्रकृति माँ की महिमा को अलग-अलग धर्मों में विभिन्न तरीकों से वर्णित किया गया है। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए हमें 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में हिस्सेदारी करते हुए पौधे लगाना होगा। ईको क्लब प्रभारी शिक्षक रामपाल सिंह ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुधारना और धरती माँ को हरियाली से सजाना है। धरती को उर्वरा, मौसम को खुशनुमा, स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण रहित हवा, जलस्रोत को बढ़ावा और जल-जमीन-जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी हम सबकी सहभागिता से पूरी होगी।

# कलेक्टर ग्राम पण्डरभट्ठा में वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पण्डरभट्ठा में वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने वहां स्थापित वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत की प्रतिमा के समक्ष पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और देश की सेवा के लिए उनके शहादत को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत ने स्वयं व अपने परिवार की परवाह किए बिना अपनी जान को देश पर न्यौछावर कर दिया और वीरगति को प्राप्त हुए, आज का दिन उनके बलिदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि सेना में वही व्यक्ति जा सकता है, जिसमें देश के लिए जान देने की ताकत हो। आज देश में प्रशासनिक व्यवस्था, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी कार्य सुचारू रूप से हो रहे हैं, यह तभी सम्भव है, जब देश में शांति व्यवस्था हो। हमारे सेना के जवान सीमा पर ड्यूटी करते हैं, ताकि देश के भीतर अमन, चैन व शांति कायम रहे। उन्होंने देश की सीमा की रक्षा के लिए अपनी जान गवाने वाले उन सभी वीर सपूतों को नमन किया। कलेक्टर ने पण्डरभट्ठा के वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत परिसर में समतलीकरण, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, पेवर ब्लॉक लगाने, बोर आदि की व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि शहीद होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत को नमन करते हुए कहा कि लोगों को अपने हृदय में शहीदों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। उनका बलिदान हमारे लिए गर्व की बात है।

# फेसबुक से दोस्ती गांठकर रेप के बाद किया ब्लैकमेल, दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने भोपाल से किया गिरफ्तार,आरोपी जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना चक्रधरनगर क्षेत्र में रहने वाली युवती उसके फेसबुक फ्रेंड आरोपित प्रदीप केंवट उर्फ गोल्डी निवासी भोपाल से काफी परेशान थी। आरोपी द्वारा युवती को लगातार ब्लैकमेलिंग कर उससे रूपयों की मांग की जा रही थी। लोक लाज के भय से युवती चुप थी, आरोपी के ब्लैकमेलिंग का सिलसिला लगातार बढ़ने से युवती ने पुलिस से मदद ली। कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़िता के आवेदन पर आरोपी पर दुष्कर्म, धोखाधड़ी और उद्यापन के तहत अपराध काम कर आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। घटना की रिपोर्ट 19 जून को युवती द्वारा थाने कोतवाली में लिखित आवेदन देकर दर्ज कराया गया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दोनों की मित्रता फेसबुक के जरिए हुई दोनों अपने नंबर शेयर कर एक दूसरे से फेसबुक मेसेंजर में बातचीत करते थे। दिसंबर 2020 में प्रदीप ने युवती को उसकी मां की तबीयत खराब है कह कर 20,000 मांगा। फरवरी 2021 में प्रदीप रायगढ़ आया और स्टेशन के पास युवती को मिलने बुलाया, जहां से उसे लॉज में बातचीत करने के बहाने ले गया और शारीरिक संबंध बनाया। युवती बताई कि इस दौरान युवक ने उसके कुछ प्रायवेट फोटो, वीडियो मोबाइल पर बना लिया। इसके बाद कई बार युवक रायगढ़ आकर फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाया। युवती ने बताया कि अब तक प्रदीप केंवट को डेढ़ लाख रुपए दे चुकी है और प्रदीप प्राइवेट फोटो वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा है। युवती की लिखित शिकायत पर थाना कोतवाली में आरोपी प्रदीप केंवट के विरुद्ध धारा 420, 376(2)(ढ),509-बी,384 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी के लिए भोपाल रवाना हुई। जहां आरोपी की पतासाजी कर आरोपी प्रदीप केवट उर्फगोल्डी पिता सुंदरलाल केवट उम्र 31 साल निवासी कोटरा सुल्तानाबाद तहसील थाना नेहरू नगर भोपाल को हिरासत में लेकर स्थानीय मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भोपाल मध्य प्रदेश के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर रायगढ़ लाया गया। आरोपी की गिरफ्तारी, मेडिकल आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी को आज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के न्यायालय पेश कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

# छोटे अतरमुडा के सामुदायिक भवन में पुलिस ने लगाया चौपाल, ग्रामवासियों को किया अपराधों से जागरूक

- वार्डवासियों को दी गई साइबर फ्रॉड की जानकारी, पुसौर पुलिस ने ग्राम गुडू में चलाया चलित थाना

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर साइबर फ्रॉड से आमजन को जागरूक करने थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस जन चौपाल, चलित थाना, साइबर सुबह, साइबर चेतना जैसे कार्यक्रमों आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा वार्ड क्रमांक 26 छोटे अतरमुडा के सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वार्डवासियों को विविध अपराधों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव ने वार्डवासियों को पुलिस द्वारा नवीन कानून के तहत की जा रही कार्यवाही के बारे में बताया गया। उन्होंने वर्तमान में हो रही ठगी के बारे में सचेत कर ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए। थाना प्रभारी ने वार्डवासियों को बताया कि को साइबर ठग द्वारा व्हाटसअप ग्रुप में जोड़कर शेयर मार्केट, ट्रेडिंग में ज्यादा कमाई का लालच देकर तथा लाटरी, एनी डेस्क एप, लोन एप, फेक कस्टमर केयर नंबर आदि के माध्यम से ठगा जा रहा है। उन्होंने अनजान व्यक्ति के मोबाइल पर आए कॉल पर बैंक अथवा निजी जानकारी आधार नंबर, बैंक, एटीएम पिन की जानकारी शेयर नहीं करने और अनजान लिंक को डाउनलोड करने से बचना बताएं। साइबर क्राइम के शिकार होते की तुरंत साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 या व्हाटसअप हेल्प लाइन 9479281934 पर सहायता प्राप्त करने कहा गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा ग्राम गुडू में चलित थाना लगाकर ग्रामवासियों को नवीन कानूनों की जानकारी दी। थाना प्रभारी साइबर फ्रॉड , यातायात नियमों के बारे में जानकारी दिया गया और गांवों में नवयुवकों को शराब, जुआ से दूर रखने कहा। उन्होंने ग्रामवासियों को पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर डायल 112 पर कॉल करने कहा गया। चलित थाने में सरपंच, गणमान्य नागरिकों के साथ महिला बच्चें काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## पहले भी हुआ है ऐसा ही वाक्या, मकान, दीवार व फसल की नुकसानी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अमला चैकस

# जन्मोत्सव के बाद लैलूंगा क्षेत्र पहुंचे 22 हाथी

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com




धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में हाथियों की तादाद कम होने के बाद भी ग्रामीण इलाकों में मकान एवं फसल व अन्य नुकसानी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में डिविजन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सब डिविजन लैलूंगा क्षेत्र में एक नवजात शिशु के साथ 22 हाथियों का एक बड़ा दल पहुंचा है। जशपुर जिले की ओर से आए इस समूह की कहानी कुछ इस तरह है जिससे फिर से एक बार यह साबित होता है कि कई बार इतिहास खुद को दोहराता है।

दरअसल इस मामले में पुष्ट विभागीय जानकारी के मुताबिक जशपुर इलाके में विचरण करने के दौरान वहां एक शावक का जन्म हुआ। वहां के ग्रामीणों द्वारा इस हाथी शावक का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसके तत्काल बाद यह समूह लैलूंगा क्षेत्र की ओर आ गया है। उल्लेखनीय है कि इस से पहले लैलूंगा इलाके में ही सुरक्षा की कामना करते हुए एक नवजात हाथी का जन्मदिन ग्रामीणों द्वारा मनाया गया था। जिसके बाद हाथियों का दल दूसरे इलाके की ओर चला गया था। दोनो घटनाओं में समानता एक इत्तेफाक या हाथियों के व्यवहार का एक हिस्सा हो सकता है।

**लैलूंगा इलाके में ही 57 हाथियों की मौजूदगी**-जशपुर इलाके से लैलूंगा क्षेत्र में पहुंचे 22 हाथियों के इस समूह ने लैलूंगा क्षेत्र के टोंगोटोला इलाके में एक किसान के घर का दरवाजा और गांव में बने अहाता को नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा फसल नुकसानी के करीब दर्जन भर प्रकरण विभागीय रिपोर्ट में दर्ज किए गए हैं। उक्त जानकारी के अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्र के विभागीय सूत्रों से मिली पुष्ट जानकारी के मुताबिक इस दल में एक शावक के शामिल होने के कारण लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए सुरक्षा को लेकर तमाम विभागीय उपाय अपनाए जा रहे हैं। फिलहाल लैलूंगा क्षेत्र में तीन ग्रुप में कुल 57 हाथी अलग अलग इलाकों में विचरण कर रहे हैं। वहीं, वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में कुल 70 हाथी विचरण कर रहे हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग कांकेर**
दूरभाष : (07868) 222034 उदयनगर कांकेर Email:- ee.kanker@nic.in

ज्ञापन क्रमांक/2409/स्टॉक /2024-25/कांकेर, दिनांक 16/07/2024

**// कोटेशन आमंत्रण सूचना //**

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार शासकीय स्थानीय कार्यक्रमों हेतु टेंट-पण्डाल इत्यादि के आयोजन व्यवस्था संपादित किया जाता है। वर्ष 2024-25 में संपादित किये जाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आयटमों के दर निर्धारण हेतु इच्छुक पूर्व अनुभवधारी एवं अर्हताधारी टेंट हाउस प्रतिष्ठानों से आयटमवार दर प्रस्तुत करने हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान 25/07/2024 तक कार्यालय दिवस पर इस कार्यालय में उपस्थित होकर कोटेशन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा भरा प्रपत्र दिनांक 02/08/2024 तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा इस कार्यालय में अपरान्ह 5:30 तक प्रस्तुत किया जाना है। कोटेशन दिनांक 02/08/2024 को ही अपरान्ह 6:30 बजे प्रतिभागियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा एवं अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखा जा सकता है।

**आवश्यक अर्हताएँः-**

1. टेंट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाईसेंस की प्रति होना चाहिए।
2. जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति होना चाहिए।

कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर,
संभाग-कांकेर

G-242501215/4

## संपादकीय

### नीति आयोग महत्वपूर्ण पुनर्गठन

**नीति आयोग का महत्वपूर्ण पुनर्गठन** कर सरकार ने उसमें 'रणनीतिक नियोजन' के लिए केन्द्रीय मंत्रियों तथा राजग सहयोगियों को शामिल किया है। अपनी नीति निर्माण प्रक्रिया को गति देने के लिए भारत सरकार ने 'नेशनल इंस्टीट्यूशन फार ट्रांसफार्मिंग इंडिया'- नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। इसमें 15 केन्द्रीय मंत्रियों तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के महत्वपूर्ण सहयोगियों को शामिल किया गया है। यह देश के नियोजन एवं विकास में 'रणनीतिक बदलाव' है। इससे सरकार की प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह विभिन्न मंत्रालयों की जानकारियों को नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल करना चाहती है। विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित मंत्रालय अनेक विशेषज्ञताओं और दृष्टिकोणों को सामने रखेंगे। इस समग्र दृष्टिकोण का लक्ष्य बहुआयामी राष्ट्रीय चुनौतियों से ज्यादा प्रभावशाली ढंग से निपटना है। इस पुनर्गठन में प्रमुख राजग सहयोगियों को भी शामिल किया गया है ताकि राष्ट्र का विकास एजेंडा संचालित करने के सामूहिक प्रयास हो सकें। राजग सहयोगियों को आमंत्रित कर सरकार आयोग के भीतर ज्यादा समावेशी व सहयोगी परिवेश बनाना चाहती है। इसमें शामिल उल्लेखनीय मंत्रियों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। इनकी उपस्थिति से देश की आर्थिक, आंतरिक सुरक्षा तथा रक्षा नीतियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास मंत्रियों के समावेशन से भारत की विकास आवश्यकताओं के प्रति समग्र दृष्टिकोण की आशा है।




इस पुनर्गठन को परंपरागत 'योजना आयोग' माडल से रणनीतिक बदलाव माना जा रहा है जो नीति आयोग को ज्यादा गतिशील एवं समावेशी स्वरूप प्रदान करेगा। इससे सरकार का इरादा स्पष्ट होता है कि वह 'न्यू इंडिया' का दृष्टिकोण आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों व सहयोगियों के सामूहिक विवेक का प्रयोग करना चाहती है। आयोग के पुनर्गठन का उद्देश्य केन्द्र व राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित कर जमीनी स्तर पर नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस पुनर्गठन का एक प्रमुख लक्ष्य नीतियों का क्रियान्वयन सुधारना है। सरकार को उम्मीद है कि इससे प्रमुख पहलों व कार्यक्रमों का सहज क्रियान्वयन होगा। इसका परिणाम ज्यादा सक्षम नीतिगत क्रियान्वयन तथा जमीनी स्तर पर बेहतर नतीजे होंगे। नीति आयोग की स्थापना योजना आयोग के विकल्प के रूप में 1 जनवरी, 2015 को की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य राज्य सरकारों को नीति निर्माण प्रक्रिया में शामिल कर 'सहयोगी संघवाद' प्रोत्साहित करना है। लेकिन धीरे-धीरे इसका महत्व समाप्त हो गया। भारत सरकार ने लगातार केन्द्रीकृत दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है जिससे राज्यों की नियोजन एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी घटी है। इससे नीति आयोग की भूमिका को नुकसान पहुंचा। नीति आयोग के पास वित्तीय शक्तियां तथा सीधे फंड आबंटन की शक्ति नहीं होती है, इससे वास्तविक नीति क्रियान्वयन पर इसका प्रभाव सीमित होता है। इसके साथ ही दीर्घकालीन रणनीतिक नियोजन के बजाय तात्कालिक आर्थिक व राजनीतिक लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति होती है। इससे टिकाऊ विकास में नीति आयोग की प्रासांगिकता घटती है। नीति आयोग के नए चरण में जाने के साथ ही इसकी संभावनाओं तथा समुचित प्रगति करने की क्षमताओं के प्रति आशावाद की भावना पैदा हुई है। उम्मीद है कि सरकार के नवीनतम कदम से ज्यादा जीवन्त नीतिगत ढांचा तैयार होगा।

# संसद में सांसदों का कर्तव्य

विपक्ष को संसदीय बहसों में शामिल होकर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़ना चाहिए, पर वे वाकआउट व विरोध प्रदर्शनों से अक्सर अपना समय खराब करते हैं।

प्रफुल्ल गोराडिया
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)





सांसदों को संसद में अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, पर अक्सर वे ऐसा नहीं करते हैं। विपक्ष को संसदीय बहसों में शामिल होकर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़ना चाहिए, पर वे वाकआउट व विरोध प्रदर्शनों से अक्सर अपना समय खराब करते हैं। यह समझना कठिन है क्योंकि खासकर कुछ सांसद अपने कर्तव्यों की मूल भावना की अनदेखी करते हैं। इसी कारण आमतौर से विधायिका अपने मूल काम पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती है। वर्तमान संसदीय सत्र का बाकी समय विपक्ष के लिए एक अवसर है कि वह टेलीविजन के माध्यम से अपनी प्रतिभा और प्रतिबद्धता प्रकट करे। सत्तारूढ़ पार्टी या पार्टियों को अपने विधेयक पास कराने तथा उनको कानून में बदलने के सिवा विधायिका का और कोई काम नहीं होता है। यदि कोई कानून न हों अथवा उनको तत्काल पास कराने की जरूरत न हो तो सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी लगभग पूरे साल बिना विधायिका के अपना काम चला सकते हैं।

हालांकि, बजट पेश करने और उसे पास कराने की मूल आवश्यकता होती है, जिसे केवल विधायिका ही वैध रूप दे सकती है। इसमें लोकसभा की खास भूमिका होती है। ये तथ्य खासकर भारत में राज्य विधानसभाओं की कार्यवाहियों से सामने आते हैं। वे साल में एक बार महत्वपूर्ण विधेयक पास कराते हैं और इस दृष्टिकोण से पूरे साल में एक बार बजट पास कराना राज्य विधायिकाओं के कामकाज का प्रमुख अंग होता है। अधिकांश राज्य विधानसभायें औसतन एक बार में तीन या चार दिन बैठकें करती हैं। यदि उनको विधिक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए साल में कुछ समय तक बैठकें न करनी हों तो वे शायद यह भी न करें। इसी कारण राज्य विधानसभाओं का प्रत्येक सत्र मुश्किल से तीन या चार दिन का होता है। लेकिन इसके बावजूद राज्य विधानसभाओं के सदस्य विधायक-एमएलए विधायिका के पूरे कार्यकाल के लिए अपने वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं।

मोटेतौर से यह बात काफी कुछ संसद पर भी लागू होती है। हालांकि, संसद के तीन सत्र-बजट, मानसून व शीत सत्र होते हैं और ये काफी लंबे समय तक चलते हैं। इस महत्वपूर्ण तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि यदि विधायिकाओं के सत्र ज्यादा से ज्यादा समय तक चलें तो विधि-निर्माता सांसदों और विधायकों, खासकर विपक्षी दलों के सदस्यों को अपना कौशल, ज्ञान तथा मतदाताओं के साथ अपना जुड़ाव प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इससे वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से जीवन्त संवाद स्थापित कर सकते हैं। आजकल टेलीवीजन चैनलों पर विधायिकाओं की लगभग पूरी कार्यवाही दिखाई जाती है जिसमें 'संसद टीवी' की प्रमुख भूमिका है। विपक्ष को इन टेलीविजन प्रसारणों से बहुत लाभ मिल सकता है। यह उनके लिए अत्यन्त लाभदायक है क्योंकि यह माध्यम मुफ्त है तथा निरंतर उनकी सेवा में लगा रहता है। इसके माध्यम से वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं तथा देश-प्रदेश की जनता से निरंतर संवाद कर सकते हैं। जब मैं संसद में था, उसी समय इस संस्थान-संसद टीवी की शुरुआत हुई थी। उस समय अधिकांश समय अधिकांश मंत्री टेलीविजन चैनलों का पूरा प्रयोग करते थे। वे यथासंभव अधिकाधिक समय तक बोलते थे ताकि संसद टीवी पर उनका प्रसारण मतदाता देख सकें।

इसी कारण 11 बजे सवेरे से 12 बजे दोपहर तक 'प्रश्न काल' में केवल पांच या छः सवाल सामने आते थे जिनके जवाब दिए जाते थे, जबकि इस दौरान अधिकाधिक 20 सवाल शामिल किए जा सकते हैं। इसका कारण यह है कि प्रश्न पूछने वाले सांसद अधिकाधिक समय अपने 'पूरक प्रश्नों' पर बोलने के लिए खर्च करते थे जो सांसदों का विशेषाधिकार था। आमतौर से विपक्षी पार्टियों की तुलना में सत्तारूढ़ पार्टी या पार्टियों को अपनी बात रखने और संसद टीवी के सामने जनता के पास जाने का ज्यादा अवसर मिलता है। इसके बावजूद विपक्ष आमतौर से अपना ज्यादातर समय सत्र में विचारहीन ढंग से 'वाकआउट' व विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से खराब करता है। विपक्ष के इस हंगामे और अराजकता के कारण अध्यक्ष को मजबूरी में कई घंटे या पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ती है। विपक्ष के इस अनैतिक एवं अनुचित व्यवहार का प्रमाण 2 जुलाई को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब दिया।

विडंबना है कि दो घंटे से ज्यादा समय तक विपक्षी सदस्यों के समूह बारी-बारी से शोर मचाते रहे ताकि संसद में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को दबा दिया जाए। वे शायद प्रधानमंत्री को बोलने से रोकना चाहते थे। लेकिन वे शायद यह समझ ही नहीं पाए कि अधिकांश टेलीविजन चैनल उनकी नारेबाजी और शोर-शराबे को काट कर प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का 'लाइव' प्रसारण करते रहे। इसके कारण केवल लोकसभा के सदस्य ही शोरशराबे के कारण प्रधानमंत्री का भाषण ठीक से नहीं सुन सके। इससे जनता में नारेबाजी करने वाले सांसदों के बारे में यह छवि बनी कि वे 'समय बरबाद करने' और 'कार्यवाही में बाधा डालने' वाले हैं। संसद सदस्य के रूप में वे करदाताओं का काफी पैसा अपने वेतन, भत्तों व अन्य सुविधाओं पर खर्च करते हैं। प्रधानमंत्री को भाषण देने से रोकने के प्रयास से उनकी जनता में केवल नकारात्मक छवि बनी। संसद में प्रत्येक सत्र और यहां तक कि हर दिन के कामकाज पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। प्रत्येक संसद सदस्य पर हर साल देश का लाखों रूपया खर्च होता है जिसे उसे देश और जनता की सेवा के लिए दिया जाता है। उसका काम संसद के कामकाज में बाधा डालना नहीं है।

विरोध व्यक्त करने के अनेक तरीके हैं जिनमें बाहों पर काली पट्टी बांधना या कभी-कभी पूरे काले कपड़े पहनना शामिल हैं। सदस्य विरोधस्वरूप पूरे दिन अपनी सीटों पर बैठने से इनकार कर सत्र के दौरान दूसरे स्थान पर बैठने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन उनको संसद की कार्यवाही जारी रहने देनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनके मतदाताओं समेत संसद के कामकाज पर पैसा खर्च करने वाले सभी लोग तथा संसद के हजारों कर्मचारी अपना रचनात्मक योगदान देश के विकास में दे सकेंगे।

संसद में शोरशराबा करने वाले विपक्षी सांसदों को समझना चहिए कि अंग्रेज दशकों पहले भारत से जा चुके हैं और ऐसे में अब हमारे देश में नकारात्मक गतिविधियों को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ऐसी गैर-कानूनी व असंसदीय गतिविधियों के खिलाफ पहले ही चेतावनी दे चुके थे। सांसदों और विधायकों तथा खासकर विपक्षी दलों के विधि-निर्माताओं को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि संसद या राज्य विधानसभाओं में उनका निर्वाचन उनको विशेषाधिकार की तुलना में राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व अधिक देता है। लेकिन विडंबना है कि अनेक सांसद और विधायक संसद और राज्य विधानसभाओं में निर्वाचन के बाद स्वयं को जनता का सेवक मानने के बजाय उसका मालिक तथा 'विशेषाधिकारों' वाला विशिष्ट व्यक्ति मानने लगते हैं।

यह समझ पूरी तरह गलत है। 2 और 3 जुलाई को हमने लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का जो आचरण देखा, वह लोकतंत्र के इन महत्वपूर्ण संस्थनों के लिए शुभ संकेत नहीं है। विपक्षी दलों से लेकर मीडिया तथा अकादमिक लोगों को लोकतंत्र पर यह खतरा समझ लेना चाहिए। उनको यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे लोग विदेशों में 'भारत खतरे में है' का राग अलापते रहते हैं। लेकिन संसद में हुई इन घटनाओं से क्या यह नहीं कहा जा कता है कि भारतीय लोकतंत्र को खतरा उसके भीतर से है? यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए। किसी भी लोकतंत्र को खतरा इसलिए नहीं पैदा होता है कि मतदाताओं ने भारत को 'विकसित अर्थव्यवस्था' वाला देश बनाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य हेतु स्थिर सरकार के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है। इस तथ्य को किसी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि लगभग 60 साल बाद भारतीय मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग को लगातार तीसरा कार्यकाल दिया है। लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियां तथा देश में स्वयं को सत्ता का 'अधिकारी' मानने वाले कुछ परिवार पूर्णतः अराजक और अनैतिक व्यवहार कर रहे हैं। वे संसद और उसके कामकाज का संचालन करने वाले नियमों व प्रोटोकालों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र के सामने यही असली खतरा है।

# यथार्थ स्वीकार करने का महत्व

"यथार्थ में जीना तथा चीजों को उसी रूप में स्वीकार करना बहुत महत्वपूर्ण है।"

रवि वल्लूरी
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



पुराने जमाने में चीन में एक किसान था जो सालों तक अपने खेतों पर काम करता रहा। एक दिन उसका घोड़ा भाग गया। यह खबर सुन कर कुछ पड़ोसी उसे सांत्वना देने आए। ग्रामीणों ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।' इस पर किसान ने कहा, 'हो सकता है।' कुछ दिनों बाद घोड़ा वापस आ गया। उसके साथ तीन जंगली घोड़े और थे। इस पर ग्रामीणों का एक और समूह किसान को मुबारकवाद देने गया। वृद्ध किसान ने कहा, 'हो सकता है।'

इसके अगले दिन किसान के लड़के ने एक घोड़े पर चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन घोड़े ने उसे गिरा दिया और लड़के की टांग टूट गई और उसके पट्टियां बंध गईं। पड़ोसी एक बार फिर किसान के पास इस दुःसाहस पर हमदर्दी प्रकट करने गए। किसान ने एक बार फिर तटस्थ भाव से जवाब दिया, 'हो सकता है।' कुछ दिनों बाद सेना के लोग गांव में नौजवानों को भर्ती करने आए। लेकिन लड़के के पैर में पट्टियां बंधी होने के कारण उसे भर्ती के अयोग्य ठहरा दिया गया। इस पर पड़ोसियों ने बूढ़े किसान को इसके लिए मुबारकवाद दी। किसान ने एक बार फिर जवाब दिया, 'हो सकता है।' श्री श्री रविशंकर ने मजेदार ढंग से इस कहावत का महत्व बताते हुए अपनी शिक्षाओं में कहा है कि 'लोगों और स्थितियों को उसी प्रकार स्वीकार करना चाहिए, जैसी वे हैं।'

'विकीपीडिया' के अनुसार, असामान्य व्यवहार को ऐसे व्यवहार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो परेशान करने वाला या सामाजिक रूप से अस्वीकार्य, तनाव पैदा करने वाला, गलत या स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाला तथा अक्सर संज्ञानात्मक रूप से विकृत विचारों को लाने वाला हो। असामान्य व्यवहार चार प्रकार के होते हैं। इनमें विकृति,



निष्क्रियता, तनाव और खतरा शामिल हैं। विकृत व्यवहार अक्सर अलग, अतिवादी तथा असामान्य होता है और इसमें आश्चर्यजनक व्यवहार पैटर्न भी शामिल हैं। इसके बाद परेशान करने वाला व्यवहार सामने आता है। ऐसे लोगों से जुड़े लोग अक्सर दुःखी अनुभव करते हैं और उनकी उपस्थिति में असहज रहते हैं। विकृत व्यवहार रोगी को ऐसी स्थिति में ले जा सकता है जहां वह दिन-प्रतिदिन के काम में बाधा पैदा करने लगे तथा अपने व्यवहार से अनेक गतिविधियों को बाधित करे। बेचैनी के पांच प्रकार इस श्रेणी में आते हैं। पहला, सामान्य बेचैनी विकृति है। यह लंबा, अस्पष्ट व व्याख्या से परे ऐसा भय है जिसका कोई वस्तुनिष्ठ आधार नहीं होता है। इसके साथ ही अत्यधिक सक्रियता मस्तिष्क में तनाव का कारण बनती है। इसके बाद 'क्वोटोडियन पारलेंस' या घबराहट वाली विकृति का स्थान है। लगातार बने रहने और अक्सर आने वाले बेचैनी के हमले अक्सर अन्य मनोवैज्ञानिक लक्षणों के साथ आते हैं जिनमें सांस लेने में कठिनाई, धड़कन बढ़ाना, हाथ पैर कांपने जैसा अनुभव, सुस्ती तथा अपने ऊपर से पूर्ण नियंत्रण खोने की भावना शामिल है।

मानसिक विकृतियों में अगला स्थान 'फोबिया' या भय का है। मनुष्य अनेक अतार्किक फोबिया का शिकार हो सकते हैं। इनमें एक्रोफोबिया यानी ऊंचाई से भय, ग्लासोफोबिया यानी लोगों को संबोधित करने का भय, क्लास्ट्रोफोबिया यानी बंद स्थानों से भय तथा एवियोफोबिया यानी उड़ान से भय आदि आते हैं। ऐसी स्थितियों में मनुष्य अनेक प्रकार के विचारों से ग्रस्त हो सकता है जो सामान्य रूप से अतार्किक होते हैं।

मानसिक विकृतियों में अंत में 'पोस्ट ट्रामैटिक स्ट्रेस डिसआर्डर'-पीटीएसडी आता है, लेकिन यह भी भारी परेशानी का कारण बन सकता है। इससे पीड़ित व्यक्ति अक्सर बार-बार आने वाले भयानक सपनों, पुरानी यादों, ठीक से ध्यान न लगा पाने तथा भावनात्मक कमजोरी का शिकार बनते हैं जो अपरिहार्य रूप से आघात या तनाव का कारण बनी घटनाओं का परिणाम होते हैं। हमारा देश तीन प्रमुख समस्याओं- नशाखोरी, महिलाओं के मुद्दों तथा मनोवैज्ञानिक विकृतियों से पीड़ित है। आमतौर से नागरिक तांत्रिकों, बाबाओं और धोखेबाजों से चमत्कारी इलाज के लिए संपर्क करते हैं। लेकिन ऐसे में योग्य डाक्टर की सहायता बहुत जरूरी होती है। डाक्टर की सलाह से दवायें लेना पहला कदम है।

इसके बाद रोगी को स्वयंसहायता समूहों से संपर्क करना चाहिए जो इलाज को जारी रखने में सहायता करते हैं। 'आर्ट आफ लिविंग' के 'हैपीनेस कोर्स' में सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है जिससे समुचित तरीके से सांस लेकर शरीर और विचारों के बीच संतुलन स्थापित हो सकता है। गौतम बुद्ध ने कहा था, 'अतीत चाहे जितना कष्टदायक रहा हो, तुम हमेशा फिर से शुरुआत कर सकते हो।'

## आप की बात

### स्वागत योग्य फैसला

**सर्वोच्च न्यायालय** ने कहा है कि अनुसूचित जातियों की सूची में राज्यों को किसी छेड़छाड़ का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि केवल संसद द्वारा ही इस सूची में संशोधन और बदलाव किया जा सकता है। यह मामला बिहार से संबंधित था जब 2015 में कुछ जातियों को अति पिछड़ा वर्ग से हटाकर अनुसूचित जाति में शामिल करने का निर्णय लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की कार्यवाही को दुराग्रहपूर्ण और असंवैधानिक करार दिया है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राज्य सरकारें ऐसे फैसले करती रही हैं। उत्तर प्रदेश में मायावती को छोड़ कर मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव और भाजपा द्वारा भी 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के कई बार प्रयास किए गए थे। लेकिन कभी कोर्ट और कभी केंद्र सरकार द्वारा इनको खारिज किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद ऐसे प्रयास बंद होने चाहिए। अनुसूचित जाति में किसी समूह के निर्धारण का आधार स्पष्ट रूप से अश्पृश्यता का एक खास स्तर है जिसे अंग्रेजों के समय ही हंटर आयोग ने परिभाषित किया था। पिछड़े वर्ग को कभी दलितों जैसी अश्पृश्यता का सामना नहीं करना पड़ा है। यह भी कटु सत्य है कि आज भी दलितों को अमानवीय अत्याचार झेलने पड़ते हैं।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### महाराष्ट्र में उथलपुथल

**महाराष्ट्र** में एनसीपी के अजीत पंवार गुट के चार नेताओं का निकल जाना अजीत गुट का गरीबी में आटा गीला करने जैसा है। महाराष्ट्र की राजनीति के रंग लोकसभा चुनाव के पहले से ही अपना रंग दिखाने लगे थे। शिवसेना के उद्धव और बीजेपी के बीच गठबंधन को जनता ने स्वीकार किया था। उसे तहस-नहस करने के बाद से ही बीजेपी और उद्धव5शिवसेना दोनों ही भुगत रहे हैं। इस प्रकार बिल्लियों की लड़ाई में बंदर रोटी खा रहे हैं। अब आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी सीटों के बंटवारे पर घमासान के आसार है। अब तो गठबंधन में चुनाव लड़ने के बाद भी अपने फायदे के लिए पार्टियां इसे तोड़ने में सारी नैतिकता को ताक में रख देती हैं। इससे मतदाता खुद को ठगा हुआ महसूस करते है। मगर विडंबना यह है कि वोट देने के बाद मतदाताओं का रोल खत्म हो जाता है। ऐसे में मतदाता चुनी हुई सरकारों के सामने अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए गिड़गिड़ाते रहने के सिवाय वह और कुछ नहीं कर सकता। वोट लेने के लिए कुछ भी करने को तैयार नेता चुनाव जीतने के बाद मतदाता को पहचानते तक नहीं हैं। इस प्रकार राजनीतिक पार्टियों व नेताओं द्वारा मतदाताओं की ठगी समाप्त करने के रास्ते खोजने होंगे।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### अग्निवीरों को अवसर

**हरियाणा** की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वनरक्षक व जेल वार्डन की भर्ती के साथ अन्य पदों पर पूर्व अग्नि वीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि कोई अग्निवीर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो उसे राज्य सरकार 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त कर्ज उपलब्ध कराएगी। इसी तरह ग्रुप सी और डी के पदों पर आयु सीमा पर अग्निवीरों को 3 वर्ष की छूट दी जाएगी जो उनके पहले बैच के लिए 5 वर्ष होगी। इसी तरह अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर हथियारों के लाइसेंस भी दिए जाएंगे। इसके अलावा भी अग्निवीरों के लिए कई रियायतों का ऐलान हरियाणा सरकार ने किया है। देश की अन्य राज्य सरकारों को भी हरियाणा का अनुसरण करते हुए अग्निवीरों को नौकरियों व रोजगार के अधिकाधिक अवसर देने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। भारतीय सैनिकों की तरह अग्निवीर भी सेना से बाहर आने के बाद देश और समाज की सेवा करने, उसमें अनुशासन की भावना भरने तथा अराजक व असामाजिक तत्वों के खिलाफ आदर्श भूमिका निभा सकेंगे। आने वाले दिनों में भारत का हर नागरिक निश्चित रूप से अपने अग्निवीरों पर गर्व करेगा।

**-मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### बजट से उम्मीदें

**हर वर्ष** आम बजट से आम जनता को महंगाई से राहत, टैक्स में छूट और जीवन की मूलभूत जरूरत की चीजें सस्ती होने की उम्मीद होती है। लेकिन विडंबना है कि गरीब-उत्थान के नाम पर मध्यम वर्ग को बजट में कोई महत्व नहीं दिया जाता है। मध्य वर्ग अपनी आमदनी से टैक्स देकर सरकार का खजाना भरता है, पर पिछले दस साल से अनेक वादों के बावजूद उसे समुचित राहत नहीं दी गई है। आय कर से कृषि को पूरी तरह छूट दी गई है जबकि आम आदमी को 7 लाख तक की छूट है। भारत में अमीर किसान अनेक प्रकार की सरकारी सुविधाओं व सब्सिडी का लाभ उठाते हैं, पर वे टैक्स नहीं देते हैं। अतः खेती से 10 लाख रुपये से अधिक कमाई वालों पर आयकर लगाया जाना चाहिए। अब खेती कालाधन छिपाने और टैक्स बचाने का माध्यम बनती जा रही है। रेलवे में लोकल डिब्बों व लोकल ट्रेनों की भारी कमी से छोटे कस्बों के लोगों को सार्वजनिक परिवहन की भारी कमी से जूझना पड़ता है। सरकार को अब हर ट्रेन में 50 प्रतिशत सामान्य डिब्बे और लोकल ट्रेनों की संख्या में पर्याप्त संख्या में इजाफा करने की जरूरत है।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अनदेखी : एक पेड़ मां के नाम और दूसरी तरफ हजारों पेड़ भेड़-बकरियां के लिए छूट

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री ने पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस के दिन एक नया अभियान का शुरुआत किया जिसका नाम दिया एक पेड़ मां के नाम। उक्त अभियान के तहत प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, देश भर के मुख्यमंत्री , मंत्री , संसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों सहित आम नागरिक भी एक पेड़ लगाने का शुरुआत कर रहे हैं । कवर्धा में 09 जुलाई को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक-पेड़ मॉं-के-नाम अभियान का शुभारंभ कवर्धा वनमंडल से किया। उपमुख्यमंत्री सहित जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्काऊट गाईड के सदस्य, हरितिमा ग्रुप के सदस्य सहित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर कवर्धा वन मंडल में एक-पेड़-माँ-के-नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा ने निःशुल्क पौधा वितरण के लिए स्ट्राईक फोर्स वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।





## प्रकृति को हरा-भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रकृति को हरा भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक-पेड़ मॉं-के-नाम प्रारंभ किया गया है। जो मूलतः वृक्षारोपण अभियान है। इस अभियान के तहत् देश में सितंबर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च, 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इसके लिए वेबपोर्टल तैयार किया गया है, जिसमें अभियान संबंधी जानकारी की नियमित प्रविष्टि की जा रही है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि कि निःशुल्क पौधा प्राप्त करने के लिए विभाग द्वार क्यू.आर. कोड जारी किए गए है। जिससे स्कैन करके पौधा प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही 03 सम्पर्क नंबर भी जारी किया है। जिसमें सोमवार से शुक्रवार तक पौधा के लिए मांग किया जाएगा तथा शनिवार एवं रविवार को पौधा वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वन मंडलाधिकारी शशिकुमार सिंह सहित स्काऊट गाईड, हरितिमा ग्रुप के सदस्य, गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## हजारों पेड़ो का प्रतिदिन नुकसान, ज़िम्मेदार कौन

देश व्यापी अभियान में सभी लोग जुड़कर काम कर रहे हैं जिसे सफल बनाने के लिए कबीरधाम वन मंडल एक तरफ निःशुल्क पौधो का वितरण भी कर रहे हैं और दूसरी तरफ अन्य राज्यो से आए भेड़ बकरियां ऊट पालको के लिए जंगल को फ्री छोड़ दिए हैं । कबीरधाम वन मंडल और वन विकास निगम के जंगलों में भेड़, बकरियां , ऊट की झुंड देखा जा सकता है । विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बखूबी से जानकारी है कि इनके जंगल में रहने से कितना नुकसान और फायदा है । बावजूद इन्हे संरक्षण दिया जा रहा है जो समझ से परे है।

## कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति

अन्य राज्य से कबीरधाम के जंगलों में ये भेड़ बकरियां ऊट पालक कोई अभी नही आए हैं । उक्त पशु पालक कई पीढ़ियों से यही के जंगल में बरसात के दिनों में अपना भेड़ बकरियां ऊट को चराते है । इनको किसी से कोई प्रकार का डर भय भी नही है बकायदा इनको विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त होता है । वन विभाग और वन विकास निगम के कर्मचारियो के द्वारा अपने बिट या रेंज से दूसरे बिट या रेंज में चले जाने की सलाह देते हैं । यहां तो सहसपुर लोहारा और खारा परिक्षेत्र अधिकारी ने सहसपुर लोहारा से खारा के जंगलों में चराई करने की खुली छूट दे दिया गया है । इसी तरह पंडरिया के जंगलों में भी देखा जा सकता है। वन विभाग के कर्मचारियो ने निगम का क्षेत्र और निगम ने सामान्य वन मंडल का पल्ला झाड़ते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते दिखाई देते है जबकि दोनो विभाग का कार्य वनों की सुरक्षा करना है । जो नही कर रहे हैं ।

# खाद्य विभाग ने किया ग्राम अतरिया के मेसर्स ओम साई राईस मिल का आकस्मिक जांच

## कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं किये जाने सहित पायी गई अनेक अनियमितता

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के कस्टम मिलिंग हेतु पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार ग्राम अतरिया तहसील बेमेतरा स्थित मेसर्स ओम साई राईस मिल का खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच में मेसर्स ओम साई राईस मिल द्वारा विगत 89 दिवस से कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं किये जाने सहित अनेक अनियमितता पाई गई। इस प्रकार मेसर्स ओम साई राईस मिल द्वारा छ0म0 कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप फर्म के प्रोप्राईटर मिथिलेश सिन्हा से धान 100 क्विंटल एवं चावल 1493 क्विंटल जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। अग्रिम कार्यवाही हेतु जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## सीएचसी बेरला में 10 महिलाओ का हुआ सफल नसबंदी ऑपरेशन

**बेमेतरा।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बेरला में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत 10 हितग्राहियों का सफल महिला नसबंदी ऑपरेशन डॉ विनीता ध्रुव द्वारा संपन्न कराया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला को जिला चिकित्सालय में नसबंदी ऑपरेशन हेतु अधिक पंजीयन होने के कारण ब्लॉक स्तर पर नसबंदी ऑपरेशन शिविर आयोजित करने हेतु नसबंदी ऑपरेशन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संत राम चुरेंद्र के दिशा निर्देश और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला बीएमओ डॉ जितेंद्र कुंजाम के मार्गदर्शन में 19 जुलाई 2024 शुक्रवार को महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जो कि पूर्णतः निःशुल्क और सफल रहा ।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात के सुचारू संचालन के लिए सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाया जा रहा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र उपाध्याय की उपस्थिति में आमजनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात को सुचारू बनाना है। नगरीय निकाय आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए विभिन्न कार्यवाही कर रहे हैं। यह कार्यवाही सड़कों पर यातायात और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। सड़कों पर मवेशियों के बैठने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ये मवेशी अचानक सड़क पर आ सकते हैं, जिससे वाहनों की टक्कर होने का जोखिम होता है। इसके अलावा, रात में कम रोशनी में या तेज गति से गाड़ी चलाते समय मवेशियों को देखने में मुश्किल हो सकती है, जिससे गंभीर दुर्घटनाएँ हो सकती हैं। इसी कारण से नगर निकाय और प्रशासन इन मवेशियों को सड़कों से हटाने और उनके लिए सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था करने का प्रयास लगातार जारी हैं । जुलाई माह में 9200 की जुमानीं की कार्यवाही की गई है । पशु



मालिको को समझाइश दिया जा रहा की पशु को खुले में ना छोड़े । नगरीय निकाय एवं पुलिस विभाग द्वारा पशुओं की पहचान कर आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाता है। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए काउ कैचर का उपयोग किया जा रहा है। काउ कैचर एक विशेष प्रकार का उपकरण या वाहन है, जिसका उपयोग सड़कों पर आवारा पशुओं को सुरक्षित रूप से पकड़ने और उन्हें शेल्टर में ले जाने के लिए किया जाता है 7पकड़े गए पशुओं को सुरक्षित शेल्टर कांजी हाउस और गौठानो में भेजा जा रहा है जहां उनकी देखभाल की जा सके। सड़कों पर निगरानी बढ़ाई गई है ताकि कोई भी आवारा पशु सड़कों पर न आ सके 7 आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें और सड़कों पर पशुओं की उपस्थिति से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दें।

## जिले में अब तक 185 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 20 जुलाई 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 185 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील देवकर में 261.5 मि.मी. तथा न्यूनतम 128.5 मि.मी. वर्षा थानखम्हरिया तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 149.2 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 177.1 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 153.8 मि.मी., भिंभौरी तहसील में 150.3 मि.मी, साजा तहसील मे 245 मि.मी., वर्षा एवं नवागढ़ तहसील में 158.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ बेमेतरा के कर्मचारियों ने किया हड़ताल समाप्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सहकारी समिति कर्मचारी संघ बेमेतरा के आह्वाहन पर धान कमी वाले 03 प्रबंधकों / ऑपरेटरों को निलंबन से बहाली करने की मांग पर सोसाइटी कर्मचारी हड़ताल पर चले गये थे 7 इस संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, जिला खाद्य अधिकारी, बेमेतरा, उप आयुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी बेमेतरा, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, जिला बेमेतरा एवं सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जगमोहित साहू एवं अन्य पदाधिकारीगणों के मध्य सौहाद्रपूर्ण वातावरण में वातालॉप हुआ जिसमें सहकारी समिति कर्मचारी संघ के द्वारा आश्वस्त किया है कि जिले में धान का उठाव पश्चात शून्य प्रतिशत शार्टेज में लेखा मिलान करावेंगे, संघ के पदाधिकारियों द्वारा इस संबंध में कलेक्टर के समक्ष शून्य शार्टेज किये जाने हेतु सहमति दी गई है। संघ के कमीटमेंट को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के द्वारा निलंबित कर्मचारियों को बहाल करने हेतु निर्देश किया गया है। इस प्रकार सहकारी समिति कर्मचारी संघ बेमेतरा के कर्मचारियों का हड़ताल समाप्त हो गया है। सभी अपने समितियों में सूचारू से कार्य पर उपस्थित हो गये है।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर विविध कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा रविवार 21 जुलाई 2024 को राम सप्ताह मंडप में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के शुभ अवसर पर आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री जी के पावन सानिध्य में सनातन परंपरा प्राप्त ऋषियों का वेदव्यास जी , आद्य शंकराचार्य जी , धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी एवं पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग का दिव्य पूजन आराधना भजन संध्या एवं दुर्लभ सत्संग संगोष्ठी एवं प्रसादी वितरण का भव्य कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित है । धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी की ओर से समस्त सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों तथा सभी शिष्य वृंद एवं पदाधिकारी सदस्य गणों से विनम्र अपील की गई है सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचकर सत्संग लाभ प्राप्त कर राष्ट्रोत्कर्ष अभियान द्वारा संचालित हिंदू राष्ट्र निर्माण संकल्प यात्रा में सहभागी बनकर जीवन को धन्य बनाएं, यह जानकारी धर्म संघ ,पीठ परिषद ,आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी भाटापारा छत्तीसगढ द्वारा दिया।

## बीरेश्वर आश्रम रक्से में आज मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा व सतसंग सम्मेलन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम रक्से में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वामी महर्षि मुक्तानंद जी के कृपा पात्र शिष्य स्वामी बीरसिंह महाराज जी के अनुयायियों के द्वारा गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा ग्राम रक्से के आसपास क्षेत्रीय सत्संगी सहित छत्तीसगढ़ अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से वक्ता व श्रोताओं का बहुत ही सुंदर सम्मेलन होता है, जो इस वर्ष भी सम्पन्न होने जा रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में कांकेर जिले के ग्राम उड़कुड़ा से सन्त फ़क़ीर राम साहू का आगमन हो रहा जिनका उक्त दिवस दोनो पहर प्रवचन सुनने का सौभाग्य समस्त सत्संगियों को मिलेगा। गुरु परंपरा की इतिहास को सहेज कर रखने वाले वीरेश्वर आश्रम रक्से के समस्त सदस्य गण एवं पदाधिकारी की लगन व गुरु निष्ठा के चलते साल में दो बार बीरेश्वर आश्रम रक्से के माध्यम से ऐसा महोत्सव संपन्न होता है। इस समिति के अध्यक्ष घासीराम निषाद ,उपाध्यक्ष कन्हैयालाल गंधर्व ,कोषाध्यक्ष मोहन राम साहू ,संरक्षक सालिक राम मरकाम, प्रह्लाद निषाद ,संयोजक भागवत राम साहू ,सचिव घनश्याम साहू ,मीडिया प्रभारी राम दत्त साहू पिंटू पटेल एवं समिति के समस्त सदस्यों का भरपूर योगदान इस महोत्सव में प्राप्त हो रहा है। 21 जुलाई दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे से गुरु पूजा व आरती का कार्यक्रम संपन्न होगा सुबह 10:00 से 1:00 बजे तक संत फकीर राम साहू उड़कुड़ा के माध्यम से प्रवचन होगा फिर दोपहर 1:00 बजे भोजन अवकाश उसके बाद दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 तक पुनः मानस संत फकीर राम साहू उड़कुड़ा के माध्यम से प्रवचन संपन्न होगा।

## आरोपी बालोद एवं गुरुर थाना क्षेत्र में दिए हैं चोरी घटना को अंजाम

# मंदिरों में और बाईक चोरी में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 6 अलग-अलग मामलों में एक नाबालिक सहित 2 शातिर चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





पुलिस को मंदिरो में और बाईक चोरी की घटना में बड़ी सफलता मिली हैं। जिले के बालोद और गुरुर थाना क्षेत्रान्तर्गत 6 मामलों में एक नाबालिक बालक सहित 2 शातिर चोर ग्राम निपानी निवासी महेश यादव पिता राधे लाल (32वर्ष) और बालोद नगर के पांडेपारा वार्ड-05 निवासी डामन विश्वकर्मा उर्फ़ अर्जुन पिता सुनील (19वर्ष) को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गए सोना चांदी की सामग्री को जब्त और चोरी किये गए मोटर साइकिल को भी बरामद किया गया हैं। 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला गया है, तब जाकर चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आये है। जिसके बाद एसपी के द्वारा लोगो से घरो के आसपास सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाने की अपील की हैं। चोरी के मामले का खुलासा शनिवार को एडिशनल एसपी अशोक जोशी में पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी रविशंकर पांडे के द्वारा थाना स्तर पर एक विशेष टीम बनाकर ग्राम निपानी के बैंगन गुड़ी मंदिर, ग्राम भेंगारी के राम जानकी मंदिर एवं दुर्गा मंदिर, ग्राम गुरूर के शीतला मंदिर, ग्राम चिरचारी और ग्राम पाकुरभाठ में हुए मोटर सायकल चोरी के आरोपीयों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की हैं। उक्त अज्ञात चोरी के प्रकरण को सुलझाने व आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पांडे, सउनि धरम भुआर्य, आरक्षक बनवाली राम साहू, मोहन कोकिला, नागेश्वर साहू, अविनाश सिंह, लक्ष्मण सार्वा, लोकेश ठाकुर, लोकेश सेन एवं पवन ठाकुर एवं सायबर सेल बालोद से आरक्षक मिथलेश यादव का की सराहनीय भूमिका रही है।

### केश-1

ग्राम भेंगारी निवासी प्रार्थी सुरेश कुमार साहू के द्वारा बालोद थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 जुलाई से 17 जुलाई के मध्य रात्रि में ग्राम के दुर्गा मंदिर का ताला तोड़कर दुर्गा माता के पहने सोने चांदी के विभिन्न आभूषण व दान पेटी में रखे नगदी रकम 48 हजार रुपये को चोरी कर ले गया था। जिस पर अपराध क्रमांक 382/2024 धारा- 331 (4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### केश-2

ग्राम भेंगारी के जानकी मंदिर का ताला तोड़कर जानकी माता के द्वारा पहने सोने चांदी के विभिन्न आभूषण व दान पेटी में रखे नगदी रकम 22 हजार रुपये चोर चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 383/2024 धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त मामले में भी प्रार्थी सुरेश साहू के द्वारा ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### केश-3

ग्राम निपानी निवासी खिलेश्वर मंडावी के द्वारा बालोद थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 17 जुलाई से 18 जुलाई के मध्य रात्रि में ग्राम के जय बैगीन गुड़ी दाई मंदिर का ताला तोड़कर माता के पहने सोने चांदी के विभिन्न आभूषण जिसकी कीमत कुल 20 हजार रुपये है, उसको चोर चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 385/2024 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### केश-4

8-9 जुलाई के मध्य रात्रि में ग्राम गुरूर के शीतला मंदिर में दुर्गा माता के द्वारा पहने सोने चांदी का आभूषण एवं दानपेटी में रखे कुल रकम 75 हजात रुपये को चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना गुरूर में अपराध क्रमांक 125/2024 धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।।

### केश-5

ग्राम चिरचारी में 17 जुलाई की रात करीबन 10 बजे से साढ़े 10 बजे तक ग्राम में प्रार्थी के घर में रखे एक चांदी का पायल व एक नग मोबाईल फोन जिसकी कुल कीमत 11 हजार रुपये को चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना गुरूर में अपराध क्रमांक 134/2024 धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### केश-6

बालोद थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रार्थी हेमंत कुमार साहू के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 15-16 जुलाई के मध्य रात्रि में प्रार्थी अपने रिश्तेदार के शादी में ग्राम पाकुरभाठ में स्थित चुरगिया भवन में शादी में अपने मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 05 एबी 2888 में आया था। जिसे किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 376/2024 धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

# जिन न्यायिक अफसरों के विरुद्ध आरोप पत्र वे एसीपी के दायरे से बाहर रहेंगे

- किसी भी अन्य टिप्पणी पर संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का अवसर प्रदान किया जाएगा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने करियर प्रगति स्केल (एसीपी) के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, जिन न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र हैं और विभागीय जांच चल रही है, वे एसीपी के दायरे से बाहर रहेंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि कोई अधिकारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1966 के नियम 10 के तहत सजा की अवधि से गुजर रहा है, तो उसे एसीपी के अनुदान के लिए उपयुक्त नहीं माना जाएगा।

जिन न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक मामले या आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, उनके मामले लंबित रखे जाएंगे जब तक कि जांच या मुकदमा समाप्त नहीं हो जाता। यदि जांच या मुकदमे के समापन पर अधिकारी दोषमुक्त हो जाते हैं, तो उनके मामले पुनः समीक्षा के लिए खोले जाएंगे और उप-समिति की सिफारिश पर पात्रता की तारीख से कार्रवाई की जाएगी। न्यायिक अधिकारी के 6वें और 11वें वर्ष के कार्यकाल के बाद छह महीने के भीतर एसीपी प्रदान किया जाएगा।

यदि एसीपी देने में देरी होती है, तो प्रत्येक वर्ष के लिए एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी। सिविल जज जूनियर डिवीजन को एसीपी स्केल का लाभ मिलने के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान कम से कम तीन ÷सी÷ ग्रेड और उस अवधि के दौरान एक से अधिक बार "ई" ग्रेड नहीं दिया गया हो। कम से कम एक "बी" और दो "सी" ग्रेड और प्रथम सुनिश्चित करियर प्रगति ग्रेड के अनुदान के बाद पिछले पांच वर्षों के दौरान एक बार भी "ई" ग्रेड नहीं दिया गया हो। किसी सिविल जज जूनियर डिवीजन को एसीपी स्केल के लाभ से तब तक वंचित नहीं किया जाएगा, जब तक कि संबंधित अधिकारी का कार्य लगातार खराब या असंतोषजनक न हो।

### सिविल जज सीनियर डिवीजन के लिए मापदंड

सिविल के रूप में पदोन्नति के बाद पिछले पांच वर्षों के दौरान कम से कम एक 'बी' और दो 'सी' ग्रेड।
उस अवधि के दौरान एक बार भी 'ई' ग्रेड नहीं दिया गया हो।
कम से कम तीन 'बी' ग्रेड और दो बार 'डी' ग्रेड नहीं दिया गया हो और प्रथम सुनिश्चित करियर प्रगति ग्रेड के अनुदान के बाद पिछले पांच वर्षों के दौरान एक बार भी 'ई' ग्रेड नहीं दिया गया हो।

### अन्य शर्तें और मापदंड

प्रति माह नियमित सिविल/आपराधिक मामलों की औसत लंबितता संबंधित वर्ष में 350 मामलों से कम होनी चाहिए।
अधिकारी सीबीआई मामलों या अन्य विशेष मामलों की सुनवाई कर रहे हों, तो उन्हें छूट दी जाएगी।
किसी भी अन्य टिप्पणी पर संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
यह आदेश न्यायिक अधिकारियों की प्रदर्शन समीक्षा में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

# गांवों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

## श्रमदान से की जा रही है सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई

- मौसमी बीमारियों जैसे डायारिया मलेरिया के प्रति आम जन को जागरूक करने हेतु जनचौपाल आयोजित किया जा रहा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





जिले के सभी गांवों में हर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मौसमी बीमारियों जैसे डायारिया मलेरिया के प्रति आम जन को जागरूक करने हेतु जनचौपाल आयोजित किया जा रहा है। चौपाल में हाथ धुलाई ,स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं जनजागरुकता का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिला एवं मितानिन द्वारा घर-घर जाकर मौसमी बीमारी के लक्षण एवं रोकथाम के उपाय से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थान मंदिर तालाब, सड़क, चौक चौराहों, गली,नाली सफाई रंगमंच सार्वजनिक भवन शाला परिसर आदि में स्वच्छता दीदियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों के माध्यम से सामूहिक श्रमदान कर साफ सफाई का कार्य एवं कचरा संग्रहण किया गया।

# मां के नाम पर आयुष ग्राम सिंघरी में औषधीय पौधों का किया गया रोपण






- आयुर्वेद चिकित्सक की अपील पर ग्रामीणों ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय सिंघरी के प्रभारी डॉ कुमुदिनी पटेल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मती पटेल की अपील पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत औषधीय महत्व के 100 पौधे लगाए। लगाए गए पौधों में कचनार, अमलतास, घृतकुवारी, शतावरी, आवला, आम, नीम, तुलसी, अर्जुन, करंज, मुनगा, कटहल, अमरूद इत्यादि फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे शामिल हैं। सभी ने पौधों के बढ़ते तक इसकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी ली है। कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन में सरपंच मती गिरिजा यादव, फार्मासिस्ट लक्ष्मी कुमार साहू, औषधालय सेवक सत्य प्रकाश माथुर, पी.टी.एस. कुशल यादव, मितानिन निर्मला यादव, जनप्रतिनिधि रघुवीर कौशिक, धर्मेंद्र पाठक, प्रकाश प्रेमी, संजीव बैनर्जी, विनोद यादव, प्रधान पाठक रतनलाल सरोवर ,शिक्षकगण एवं स्कूली छात्र छात्राओं का सक्रिय योगदान रहा।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय सकरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण





पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय सकरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना बिलासपुर विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अपर संचालक एवम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण कुमार पांडे ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है उन्होंने वृक्षारोपण हेतु स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की ग्रंथपाल मनीषा उके, सहायक प्राध्यापक चित्ररेखा श्रीवास, अंकिता श्रीवास, अजीता राजकुमारी तिग्गाकश पटेल, डॉक्टर सरिता पटेल, संजय कुर्रे, सौमित्र शर्मा एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रराष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर श्वेता जायसवाल एवम सहयोग बरखा हलवाई ने किया।

# बीच बाजार युवक ने हंसिए से बुजुर्ग की हत्या की

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिल्हा के बरतोरी में एक युवक ने बीच बाजार बुजुर्ग की हत्या कर दी है। युवक ने इतने वार किए की बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद युवक फरार हो गया है। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम बरतोरी बाजार चौक की है। बाजार में शाम को रोज की तरह चहल पहल थी। गांव का रहने वाला 65 वर्षीय बुजुर्ग गणपति कौशिक भी बाजार गया हुआ था। इसी दौरान मनोज कौशिक नामक युवक ने अपने चखना दुकान हंसिया लेकर निकला और बुजुर्ग गणपति कौशिक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक ने बुजुर्ग पर इतने वार किए की उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया दिया है। फिलहाल बिल्हा पुलिस आरोपी को गिरफ्तारी करने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक गणपति कौशिक (65 वर्ष) और आरोपी चिन्टू ऊर्फ मनोज कौशिक (24 वर्ष) के पिता कल्लू कौशिक के बीच जमीन को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। कई बार पंचायत में भी दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया गया था लेकिन समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकल सका। जानकारी के मुताबिक आरोपी मनोज कौशिक ने गणपति कौशिक की जमीन के सामने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था, इसकी शिकायत भी हुई। जांच के बाद कुछ समय पहले ही तहसीलदार ने अवैध कब्जे पर बने मकान को ढहा दिया था। इसी की वजह से मनोज कौशिक गणपति से रंजिश रखने लगा था।

# पूर्व नगर पालिका सीएमओ स्व. शशि शुक्ला के जन्मदिवस के अवसर पर स्कूली क्षात्र-क्षात्राओ को बांटा गया चरण पादुका



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला टाउन चाम्पा में स्वर्गीय शशि शुक्ला के जन्मदिवस के अवसर पर, उनके सुपुत्र विद्यालय के शिक्षक राजीवनयन शुक्ला, पुत्री रमा पांडे के द्वारा, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अपरा दीवान के मुख्य आथित्य में चरण पादुका वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर सिर्फ माध्यमिक कि नहीं, प्राथमिक शाला के अध्यनरत सभी बच्चों को भी चरण पादुका/ मोजा प्रदान किया गया, टाउन साल के 67 बच्चों को जूता / मोजा जा का सेट प्रदान किया गया है, इस अवसर पर मंच संचालन कर रहे विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र जायसवाल द्वारा स्वर्गीय शुक्ला के द्वारा समाज के हित किए गए अच्छे कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया, चाम्पा नगर के सीएमओ रहते उनके द्वारा उनके अच्छे कार्यकाल को याद किया गया, व विद्यालय के शिक्षक राजीवनयन शुक्ला द्वारा जो चरण पादुका का वितरण किया गया, इसका सराहना किया गया, समाज में विरले ही ऐसे कर पाते हैं, इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र जायसवाल, राजीव नयन शुक्ला, रविंद्र राठौर, रामाधार यादव, नम्रता दुबे, सत्यभामा जायसवाल, रागिनी चतुर्वेदी, रवि भावनानी, उपस्थित थे।

# खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन करते 3 हाईवा और 8 ट्रैक्टरों पर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा कल और दो दिनों में दर्जनों ग्रामों में दबिश देकर 3 हाईवा और 8 ट्रैक्टर पकड़ा गया। ये वाहन रेत और खनिजों का अवैध तरीके से परिवहन कर रहे थे। वाहन चालकों और मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की प्रावधानों के उल्लंघन में कार्रवाई की गई है। खनिकर्म विभाग के उप संचालक दिनेश मिश्रा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार लोफन्दी, मंगला, धुरीपारा, लोखंडी, निरतू, घुटकू, मोपका, उसलापुर, सिरगिट्टी, लावर क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। सरकंडा क्षेत्र में 2 हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस थाना सरकंडा एवं सेंदरी क्षेत्र मे 1 ट्रेक्टर को पुलिस थाना कोनी मे अभिरक्षा में रखा गया है। रतनपुर क्षेत्र मे खनिज रेत का अवैध परिवहन करते जाने पर 05 ट्रेक्टर को जप्त कर पुलिस थाना रतनपुर मे अभिरक्षा मे रखा गया है।

सिरगिट्टी क्षेत्र में 1 हाईवा एवं 1ट्रेक्टर रेत को पुलिस थाना सिरगिट्टी मे एवं 1गाड़ी ईट (मिट्टी) को खनिज जांच चौकी लांवर में अभिरक्षा में रखा गया है। वैध अभिवहन पास एवं रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का परिवहन किये जाने के कारण सभी 11 वाहन चालकों और मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। खनि अमला द्वारा कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# संदिग्धों की जांच व किराएदारों के सत्यापन के लिये पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

- रायगढ़ के सभी थानाक्षेत्रों में पुलिस ने किरायेदारों के साथ होटल, ढाबा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर की संदिग्धों की जांच

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में किराएदारों के सत्यापन व संदिग्धों की जांच का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कल सुबह सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने किरायेदार चेक किये। अधिकारियों ने मकान मालिकों से कहा गया कि वे मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरतें तथा किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन करवाएं। रायगढ़ में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम द्वारा कोतवाली पुलिस की टीम के साथ रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड पर मुसाफिरों की जांच की गई। जवानों ने मुसाफिरों के समानों की जांच के साथ आने-जाने की जानकारी ली, उनके पहचान पत्र चेक किये गये। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल ने खरसिया में जवानों के साथ संदिग्धों और किरायेदार जांच में शामिल रहे। विशेष अभियान दौरान सभी क्षेत्रों में होटल, रेस्टोरेंट, कैफे धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि पर दिन भर चेकिग अभियान चला। थाना प्रभारी ने अपने इलाके में होटल, ढाबे, सराय, धर्मशाला में चेकिग कर वहां ठहरे लोगों की जानकारी हासिल की और रजिस्टर चेक किये। संचालकों को उनके यहां आकर रूकें व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें कहा गया। विशेष अभियान में दिगर प्रांत के रहवासियों को उनके शहर में श्रम या व्यवसाय करने की समझाइश दी गई।

## 72 घंटे से भी ज्यादा बिजली बंद,जीव जंतु से डर सताने लगा

**जैजैपुर ।** यह जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोड़सरा के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे गांव बोड़सरा में 72 घंटे से भी अधिक समय हो गए हैं । जिनकी शिकायत उच्च अधिकारियों को भी करने के बाद ग्राम वासियों को अभी तक बिजली उपलब्ध नहीं हो पाया है। विद्युत विभाग भी आंख मुन्द कर बैठ गई है। बिजली बंद होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बरसात के दिनों में जीव जंतु के साथ बिच्छू से भी डर लगा रहा है यहां पर अनेकों नेताओं से भी जब संपर्क किया गया कि हमारे ग्राम बोड़सरा में बिजली नहीं है लेकिन उन नेताओं के द्वारा संतुष्ट प्रद जवाब ना मिलने के कारण अंत में मीडिया का सहारा लिया गया है अब बिजली विभाग ग्राम बोड़सरा में कब तक का ट्रांसफार्मर लगता है जिससे ग्रामीणों को बिजली मिल सके और जहरीले जीव जंतु से बचा जा सके।


Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

# आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **बलराम पटेल,** सोनम पटेल<br>खाता सं. LNDHM02922-230286731 | 13 मई 2024<br>₹ 548455/-<br>बकाया दिनाक<br>7 मई 2024 | शीट नं. 47 की सम्पत्ति, सर्वे नं. 1261/2, प्लॉट नं. 42 (भाग), एरिया-253 वर्ग फीट, प्लॉट नं. 41, एरिया-275 वर्ग फीट, स्थित मौजा-धमतरी, पीएच नं. 33, आरएनएम धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी, (सी.जी.), छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 528 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2024 |
| **पोखन लाल साहू,** तोमेश्वर कुमार, गितेश कुमार साहू, सरिता साहू<br>खाता सं. LNDHM02122-230273407 व LNDHM09422-230282359 | 13 मई 2024<br>₹ 1085757/- व<br>₹ 2109289.5/- बकाया<br>दिनांक 7 मई 2024 | सम्पत्ति केएच नं. पुराना-1074/2, नया-1074/3, स्थित मौजा-देवरी, पीएच नं. 07, आरएनएम खरथा, तहसील-डोनिलोहारा, जिला-बालोद (सी.जी.), छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 0.02 हैक्टेयर** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2024 |
| **रूपेश धनखड़,** तिलक लाल धनखड़<br>खाता सं. LNBIL02920-210159781 | 13 मई 2024<br>₹ 634419/-<br>बकाया दिनाक<br>7 मई 2024 | मकान बियरिंग नं. ईड्ब्ल्यूएस-276, पीएच नं. 19, खसरा नं. 267/1, 317/3, 318, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित, चिल्हाटी, बिलासपुर (सी.जी.) छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 65.70 वर्ग मीटर** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 20 जुलाई 2024 |

स्थान : जयपुर  दिनांक : 21-07-2024  प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड


पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा, मोटरसाइकिल और ट्रेक्टर की जप्ती, धरमजयगढ़ के ग्राम पुलाईआंट सिसरिंगा की घटना

# जमीन विवाद में चचेरे भाइयों ने की भाई की हत्या, साक्ष्य छिपाने ट्रेक्टर में शव ले जाकर माण्ड नदी में फेंके

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



ग्राम पुलाईआंट सिसरिंगा में रहने वाले वेदराम राठिया (उम्र 45 वर्ष) द्वारा थाना धरमजयगढ़ में उसके बड़े भाई बलराम राठिया (उम्र 50 वर्ष) को जमीन विवाद में उसके चचेरे भाई कार्तिक राम राठिया और दशरथ राठिया द्वारा 18 जुलाई की रात डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिए जाने की सूचना दिया । सूचना पर मर्ग कमांक 69/2024 धारा 194 ब्नहस्स आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 193/2024 धारा 103, 238, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया । सूचनाकर्ता ने बताया कि घटना का वह प्रत्यक्षदर्शी साक्षी है, रात्रि में कार्तिक राम के घर के सामने कार्तिक राम और उसका भाई दशरथ डंडे से बलराम राठिया को मारपीट कर रहे थे । दशरथ राठिया ने बलराम राठिया के सिर पर कई बार वार किया जिससे मौके पर ही बलराम राठिया की मृत्यु हो गई । सुबह जब मृतक के घर गया तो उसका शव घर पर नहीं था, कार्तिकराम राठिया एवं दशरथ राठिया भी फरार थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल एवं राम गोपाल करियारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी को अवगत कराया गया जिनके मार्गदर्शन पर तत्काल अपने स्टाफ के साथ दोनों संदेही- कार्तिक राम राठिया और दशरथ राठिया की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जमीन विवाद में घटना कारित करना स्वीकार किये और अपराध से बचने शव को ठिकाने लगाने ट्रैक्टर से मांड नदी ले जाकर ऊपर से फेंक देना बताएं। टीआई कमला पुसाम द्वारा अपने स्टाफ और ग्रामीणों के साथ माण्ड नदी से शव को बाहर निकाला गया।

शव पंचनामा कार्यवाही कर पोस्ट मार्टम कराया गया और डॉक्टर से शार्ट पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त किया गया जिसमें मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना लेख किया गया। आरोपियों आरोपी के निशानदेही पर घटनास्थल पुलाईआंट सिसरिंगा से जप्ती योग्य साक्ष्य की जप्ती किया गया। आरोपियों आरोपियों ने बताया कि वे पहले मोटरसाइकिल में शव को ले जाने जाने का प्रयास किये जिसमें सफल नहीं होने पर ट्रैक्टर का उपयोग किया गया है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डण्डा, मोटर सायकल एच.एफ डिलक्स क्रमांक सी.जी. 13 जी. 5955 एवं सोनालिका ट्रेक्टर को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी- कार्तिक राम राठिया पिता स्वर्गीय अमर साय राठिया उम्र 45 साल, दशरथ राठिया पिता स्वर्गीय अमर साय रतिया 52 साल दोनों निवासी ग्राम पुलाईआंट सिसरंगा थाना धरमजयगढ़ को धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा हत्या व साक्ष्य छुपाए जाने के अपराध में गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# रसोईया विकास महासंघ के प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में शामिल हुए भूपेश बघेल





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन रायपुर शहर के इनडोर स्टेडियम बुढ़ापारा में आयोजित किया गया था। जिसमे हजारों की संख्या में अलग अलग जिला से रसोईया साथी शामिल हुए। महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी शामिल हुए। इस अवसर पर सुशील सन्नी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण निर्माण कर्मकार मंडल ने बताया कि सरकार की वादा खिलाफी और दमन के खिलाफ रसोईया साथियों के द्वारा महासम्मेलन का आयोजन किया गया था।

अग्रवाल ने बताया कि भूपेश बघेल जी जब इस प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष थे तब से लेकर आज तक रसोईया साथियों का साथ देते आए हैं। भाजपा की सरकार 15 साल सत्ता में थे तब भी मात्र 200 मानदेय में वृद्धि कर वादा खिलाफी किए थे। जबकि भूपेश बघेल की सरकार ने 800 रुपए की बढ़ोतरी कर रसोईया साथियों का सम्मान बढ़ाया था। भूपेश बघेल जी ने कहा की हम रसोईया साथियों के हक की लड़ाई मे सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे और मैं इस बात के लिए कृत संकल्पित हूं। अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान बीजेपी सरकार ने विधानसभा चुनाव में अपने घोषणा पत्र में वादा किए थे की जब हम सरकार में आयेंगे तब 100 दिनों के अंदर आप लोगों का 50 प्रतिशत मानदेय में वृद्धि करेंगे, लेकिन आज साय साय की सरकार को 211 दिनों से ऊपर हो चुका है और किए गया वादे को पूरा नही किया गया। वास्तविक में यह झूठी सरकार है और इनके राज में गरीब, मजदूर, अल्पवेतन भोगी कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं है। आज यह महासम्मेलन रायपुर संभाग में संपन्न हुआ आगे चार संभाग में और होना है। इस आयोजन में मुख्य रूप से गिरीश देवांगन, सुशील सन्नी अग्रवाल,धनंजय पदमवार, सीमा पदमवार, लता साहू, संता पटेल, हेमंत नाग, हरिहर दास मानिकपुरी, अभिषेक बोरकर सहित हजारों की संख्या में रसोईया साथी सहित अनेक कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

# हाईवा ने स्कूटी सवार पिता-पुत्री को कुचला बेटी की हुई मौत पिता को आई गंभीर चोट

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

## आक्रोशित ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम



रायगढ़ जिले में शनिवार की सुबह फ्लाई ऐश लोड भारी वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह तकरीबन 11 बजे सरडामाल निवासी एक स्कूटी में सवार होकर पिता अमीलाल महंत और उसकी पुत्री खेलकुमारी कहीं जा रहे थे जब दोनों पिता-पुत्री नंदेली-बोकरामुडा के मध्य में तिराहा के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ आ रहे फ्लाई ऐश लोड हाईवा क्रमांक सीजी 13 एपी 9687 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार पिता-पुत्री को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में में खेलकुमारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसके पिता को भी गंभीर चोट आई है। जिसके बाद उसे अस्पताल भेज दिया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

**बेटी को ससुराल छोड़ने जा रहा था पिता**-बताया जा रहा है कि पिता अलीलाल महंत अपनी बेटी खेलकुमारी महंत को उसके ससुराल नवागांव छोड़ने जा रहा था इसी दौरान जब दोनों नंदेली-बोकरामुडा के मध्य में तिराहा के पास पहुंचे ही थे कि हाईवा चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और यह घटना घटित हो गई।

**आरोपी वाहन चालक हुआ फरार**-बताया जा रहा है कि सड़क हादसे में महिला की मौत और एक अन्य के घायल हो जाने के बाद आरोपी हाईवा चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। कोतरा रोड पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

**ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम**-सड़क हादसे में महिला की मौत हो जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम शुरू कर दिया है। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही कोतरा रोड पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में एनएसएस द्वारा पौधारोपण अभियान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत कलिंगा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने, ग्रीन आर्मी और लायंस क्लब रायपुर फ्रेंड्स के सहयोग से शनिवार सुबह नया रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय के खेल परिसर मैदान पर वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण अभियान के दौरान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बड़ी संख्या में पौधे लगाये गये, इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य गणमान्यों में लायंस क्लब रायपुर फ्रेंड्स के अध्यक्ष अवनीत सिंह, लायंस क्लब रायपुर फ्रेंड्स के सचिव हरदीप सिंह, ग्रीन आर्मी पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक मोहन वल्यानी, पूर्व अध्यक्ष ग्रीन विंग हरदीप कौर, ग्रीन आर्मी संस्थापक सदस्य डॉ पुरूषोत्तम चंद्राकर, गुरूकुल कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रात्रि लहरी, लायंस क्लब रायपुर फ्रेंड्स के सदस्य बलराम नागपुरे, विनोद शेष एवं कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संदीप गांधी, कलिंगा विश्वविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्मिता प्रेमानंद, कलिंगा विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉडी कालीदोस एवं कलिंगा विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ संजीव कुमार यादव इस अभियान में उपस्थित थे। वृक्षारोपण अभियान के दौरान 200 से अधिक पौधों को लगाया गया। डॉ. स्मिता प्रेमानंद द्वारा वृक्षारोपण अभियान में उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। शैक्षणिक विकास और सामुदायिक जुड़ाव को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध कलिंगा विश्वविद्यालय समग्र छात्र विकास के उद्देश्य से विविध प्रकार के कार्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रदान करता है।

# आज गुरु पूर्णिमा की संध्या को महादेव घाट होगा जगमग, करणी सेना करेगी खारुन गंगा महाआरती

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



21 जुलाई 20247 रविवार को आज आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के अवसर पर जहाँ सनातन परंपरा के अनुसार गुरु पूजन की परंपरा निभाई जाएगी वहीं माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति एवं करणी सेना छ.ग. द्वारा माँ खारुन गंगा मैया की प्रतिमाह पूर्णिमा की संध्या को बनारस की तर्ज पर होने वाली आरती निरंतर क्रम में 21वीं बार संपन्न होगी। माँ ही संतान की प्रथम गुरु होती है और हमारे भारतवर्ष में प्रत्येक स्त्री शक्ति मातृ स्वरूपा मानी जाती है चाहे वह मनुष्य हों, तुलसी जैसा कोई पौधा हो, गौ माता हो अथवा नदी हो। प्रत्येक परोपकारी शक्ति को माँ का स्थान प्राप्त है ऐसे में नदी के परोपकार का वर्णन करने की आवश्यकता ही नहीं है। निरंतर दो वर्षों से खारुन गंगा महाआरती समिति और करणी सेना द्वारा खारुन नदी को माँ गंगा स्वरूपिणी मानते हुए खारुन गंगा महाआरती की जा रही है और प्रकृति संरक्षण का संदेश केवल रायपुर शहर ही नहीं बल्कि पूरे देश में प्रसारित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शाम 05 बजे से महादेव घाट रायपुर में पुनः उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब। समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी वीरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा शहर के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार आरती में पधारकर पुण्यलाभ लेने का निवेदन किया गया है।

# आरती ग्रुप के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी आरती ग्रुप के द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" का वृक्षारोपण कार्यक्रम 21 जुलाई को अशोका पॉममेडोज, " पुरानी धमतरी मार्ग डूंडा में रखा गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से बृजमोहन अग्रवाल सांसद लोकसभा रायपुर, डॉ हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि व आईएनएच न्यूज, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण को मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा व कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव अग्रवाल जी मैनेजिंग डायरेक्टर आरती ग्रुप व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर करेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता छगनलाल मुंदड़ा जी, आरती ग्रुप के डायरेक्टर राजेश अटलानी जी, सरल मोदी, तरल मोदी, राजीव मुंदड़ा, ऋभुराज अग्रवाल, आदित्य मुदंड़ा, क्षितिज मोदी, अमन अटलानी जी उपस्थित रहेंगा। निवेदन है कि आप सभी कार्यक्रम में सहपरिवार शामिल होकर और पौधारोपण कर शहर की हरियाली बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# भारत में तेजी से बढ़ रही है फोल्डेबल स्मार्टफोन की मांग : सैमसंग के मोबाइल बिजनेस हेड टीएम रोह

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत दुनिया के सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजारों में से एक है और सैमसंग के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। यह कहना है दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के एक सीनियर एक्जीक्यूटिव का। भारत में बिकने वाले लगभग 80त्न स्मार्टफोन की कीमत 30,000 रुपये से कम है, लेकिन अब पहले से ज्यादा उपभोक्ता प्रीमियम स्मार्टफोन खरीद रहे हैं, जिससे फोल्डेबल जैसे खास प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और हेड टीएम रोह ने कहा, भारतीय बाजार उन बाजारों में से एक है जहां फोल्डेबल फोन्स की मांग तेजी से बढ़ रही है।

इसमें सबसे ज्यादा खास गैलेक्सी फोल्डेबल्स हैं। हमें उम्मीद है कि इस साल बाजार में मांग बढ़ेगी और भारतीय ग्राहक गैलेक्सी एआई के साथ नए गैलेक्सी ‘ फ्लिप6 और गैलेक्सी ‘ फोल्ड6 को अपनाएंगे जिन्हें फोल्डेबल स्मार्टफोन पसंद करने वालों के लिए बनाया गया है। सैमसंग के हाल ही में लॉन्च किए गए गैलेक्सी ‘ फोल्ड6 और ‘ फ्लिप6 फोल्डेबल स्मार्टफोन ने भारत में शानदार शुरुआत की है और मात्र 24 घंटों में ही पिछली जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन की तुलना में इनकी 40त्न ज्यादा प्री-बुकिंग हो चुकी हैं। छठी जनरेशन के गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी एआई पर चलते हैं जो सैमसंग के एआई टूल्स का एक सेट है। यह कम्युनिकेशन की बाधाओं को तोड़ने और उपभोक्ताओं की रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ाने में मदद करता है। टीएम रोह ने कहा कि सैमसंग बड़े पैमाने पर मोबाइल एआई को आम लोगों तक पहुंचा रहा है और साल के अंत तक 200 मिलियन गैलेक्सी डिवाइस में गैलेक्सी एआई को इस्तेमाल करने की योजना पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि गैलेक्सी ‘ फोल्ड 6 और गैलेक्सी ‘ फ्लिप 6 बेहतरीन फोल्डेबल डिज़ाइन और गैलेक्सी एआई के साथ सबसे शक्तिशाली गैलेक्सी एआई फोल्डेबल हैं।

# गुढियारी, श्रीनगर के अवधपुरी मैदान मे लगा 'डिज़्नीलैंड मेला' छोटे-बड़ों सभी को लुभा रहा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



गुढियारी, श्रीनगर के अवधपुरी मैदान में आयोजित "डिज़्नीलैंड मेले" का मुख्य उद्देश्य बच्चों और बड़ों के लिए एक साथ एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करना है। यह मेला अपने विविध आकर्षक झूलों के लिए जाना जाता है, जहां बच्चे व बड़े पूरा पूरा मज़ा ले रहे हैं. डिज़्नीलैंड मेला के संचालक ने उक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि रंग बिरंगे झूलों के अलावा इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है. मेले में बना श्रीराम मंदिर का भव्य गेट आकर्षण का केंद्र है. चूंकि डिज़्नीलैंड मेला राजधानीवासियों को काफी पसंद आता है इसीलिए आयोजन में ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले रहे हैं. इस बार झूलो में दो नए आइटम्स- सुनामी और जायन्ट फ्रिस्बी जोड़े गए हैं. इस आयोजन में क्राफ़्ट बाजार भी है जहां देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में इनके कई स्टाल लगे हुए है जिसमे मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कोलकाता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बाटिक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफ़गानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स भी भा रहे हैं.

कपड़ों में टी-शर्ट, लोअर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वुडन पेंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है।

# दिल्ली के प्रगति मैदान में 8 अगस्त से 'इंडियन डीजे एक्सपो-2024, इस बार भी रहेगी इंडियन ब्रांड्स की धूम



पायनियर संवाददाता रायपुर/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

म्यूजिक प्रोडक्शन, इवेंट्स और एंटरटेनमेंट से जुड़े तकनीकी उद्योग की सबसे बड़ी वार्षिक प्रदर्शनी ‘इंडियन डीजे एक्सपो- 2024’ का आयोजन 8 से 10 अगस्त तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जा रहा है। प्रगति मैदान के हॉल नंबर 8 -11 -14 में 250 से अधिक ब्रांड्स के साथ लाउडस्पीकर से लेकर स्पीकर कम्पोनेंट्स, एम्पलीफायरों, डीजे उपकरणों, लेजर और लाइटिंग और एलईडी स्क्रीन से लेकर स्पेशल इफेक्ट्स मशीनों, केबल, कनेक्टर और स्पीकर कैबिनेट के साथ उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला देखने को मिलेगी। अपनी इसी व्यापकता के कारण इंडियन डीजे एक्सपो प्लेटफॉर्म देश भर के उद्योग पेशेवरों को आकर्षित करता है। इस एक्सपो में बिजनेस विजिटर मौजूदा ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स रेंज से रूबरू हो सकेंगे, साथ ही नए ब्रांड्स को भारत में इवेंट्स और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के बढ़ते बाजारों में प्रवेश करने का अवसर भी मिलेगा। इंडियन डीजे एक्सपो के संयोजक मैनुअल डायस कहते हैं, 2014 में अपनी शुरुआत के बाद से पिछले कुछ वर्षों में इंडियन डीजे एक्सपो प्लेटफॉर्म को जो समर्थन और प्यार मिला है, वह वास्तव में उल्लेखनीय है। एक्सपो के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करने वाले कई महत्वूर्ण कारण हैं। इनमें सबसे अहम ये है कि प्रदर्शनी दिल्ली में है और इस कारोबार से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां भी दिल्ली से ऑपरेट करती हैं, जिससे उन्हें विक्रेता और खरीदार के बीच एक प्रभावी नेटवर्किंग बनाने में मदद मिलती है।

## डेंगू, मलेरिया, डायरिया के प्रति स्वच्छता दीदियों सहित नागरिकों को जागरूक बनाया, विंडो कूलरों का पानी खाली करवाया, एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया

# नगर निगम ने ड्राई डे और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com







नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के विभिन्न जोनों के भिन्न वार्डो में ड्राई डे और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया और नागरिकों को मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया, जलजनित रोग डायरिया के प्रति जागरूक बनाया. नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के निर्देश पर सभी जोनों में जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वच्छता दीदियों के सहयोग से घर - घरजाकर रहवासियों को डेंगू, मलेरिया, डायरिया के लक्षण, बचाव और उपचार के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक बनाया. ड्राई डे और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के मार्गदर्शन में सभी वार्डो में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नागभूषण राव सहित सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदगणों की अगुवाई में चलाया जा रहा है. ड्राई डे और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान प्रत्येक सप्ताह को शनिवार के दिन सभी वार्डो में नागरिकों को स्वास्थ के प्रति जागरूक बनाने चलाया जा रहा है. अभियान में स्वच्छता दीदियों द्वारा सहयोग कर रहवासियों को डेंगू, मलेरिया, डायरिया के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है. ड्राई डे और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत गोविन्द नगर, सुन्दर नगर, लाखेनगर, शांति नगर, न्यू शांति नगर, गीतांजलि नगर सहित अन्य बस्तियों, मोहल्लों में घर - घर जाकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया. नागरिकों से घरों के विंडो कूलरों में भरा पानी तत्काल खाली करवाया गया और उसमें एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया गया. विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया. नागरिकों से आव्हान किया गया कि अपने घरों और आसपास कहीं भी जल का जमाव नहीं होने देवें, इस हेतु साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखें. ठहरे हुए साफ पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैँ. सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और पूरी आस्तीन के कपड़े पहने. नालियों में समय - समय पर मोबिल ऑइल अथवा दिये का जला हुआ तेल छिड़क देवें, जिससे नाली में मच्छरों का लार्वा पनपने ना पाए. अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता,स्वास्थ अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने बुखार होने पर तत्काल निकट स्थित शासकीय चिकित्सालय में जाकर शासकीय चिकित्सक से जाँच करवाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की सभी नागरिकों से एक बार फिर विनम्र अपील की है.

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने की गई गुंडा निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग

■ सभी गुंडे व निगरानी बदमाशों को थाने में बुलाकर पुलिस ने कराई परेड, दी गई शांति पूर्ण रहने की कडी चेतावनी एवं दो के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com





थाना क्षेत्रों में अशांति फैलाने वाले बदमाशों के उपर लगातार धमतरी पुलिस द्वारा रखी जायेगी नजर,गुंडे बदमाशों एवं चाकू बाजी करने वालों कि अब खैर नहीं। धमतरी पुलिस द्वारा निगरानी गुंडा बदमाशों से चर्चा कर समाज के मुख्य धारा में जुडकर रहने एवं अच्छे कार्य करते रहने के दिये निर्देश। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर डीएसपी नेहा पवार एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, पुलिस टीम, क्यूआरटी टीम द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश,माफी बदमाशों एवं पूर्व अपराधी को थानें में बुलाकर चर्चा कर शांति पूर्ण समाज मे रहने के लिए कडी चेतावनी दी गई है। धमतरी पुलिस द्वारा उन्हें यह भी आश्वस्त किया गया कि वे समाज में रहकर अच्छा कार्य करें, यदि उनका आचरण लगातार अच्छा रहा तो उन्हें माफी में लाया जा सकता है। थाना क्षेत्रों में अशांति फैलाने वाले बदमाशों के उपर लगातार धमतरी पुलिस द्वारा नजर रखी जायेगी,गुंडे बदमाशों एवं चाकू बाजी करने वालों कि अब खैर नहीं। साथ ही थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वाले बिट्टू राजपूत पिता सातम सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी, सूरज उर्फ सूरजभान निषाद पिता नंदू राम निषाद उम्र 51 वर्ष निवासी दानीटोला वार्ड धमतरी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजी जा रही है। धमतरी पुलिस द्वारा निगरानी गुंडा बदमाशों से चर्चा कर अच्छा कार्य कर समाज में रहने के लिए चेतावनी दिये। भविष्य में भी अपनी आदतों मेनण्सुधार नही किये जाने पर इनके विरुद्ध कडी कार्यवाही किये जायेंगे। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों के बदमाशों तथा अड्डेबाजी करने वाले लोगों के विरुद्ध सघन कार्यवाही करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये हैं। थाना क्षेत्रों के संवेदनशील क्षेत्रों तथा व्यस्तम क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग किए जाने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। ऐसे संवेदनशील स्थानों को चिन्हांकित कर पेट्रोलिंग के साथ साथ ही थाना क्षेत्र के बदमाशों अड्डे बाजों तथा लडाई झगडा करने वालों अवैध गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के विरुद्ध लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। धमतरी पुलिस द्वारा लगातार सभी थाना क्षेत्रों में बदमाशों तथा चाकू बाजी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश मरई, प्रआर दीपक साहू, सौरभ पटेल, दिनेश तुरकाने, आर कुलदीप सिंह, साजिद अली, सुरेंद्र डडसेना, मुकेश सिन्हा, डायमंड यादव, चंदर सिंह जमदार, ईश टंडन, अंकुश नंदा, क्यूआरटी से आर जगदीश धुव, कौशल नेताम, रियाजुद्दीन, जितेंद्र नेताम, विकेश हिरवानी, मआर सुलोचना, खुशबू नाग,राम कुमारी साहू,निशा ध्रुव, कुंज मंडावी का विशेष योगदान रहा।

# बलरामपुर के प्रभारी डीएफओ के निर्देश पर दो वन परिक्षेत्र से हटाए गए अतिक्रमण



पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

राजनीति संरक्षण के कारण वन भूमि पर विशाल बृक्ष को काटकर अतिक्रमण करने का सिलसिला बलरामपुर रामानुजगंज जिले में पिछले कई वर्षो से जारी है, प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंच रखने वाले जनप्रतिनिधियों ने तो कई एकड़ में अपना कब्जा जमाए बैठे हुए हैं और उनका कब्जा हटाने के लिए किसी अधिकारियों में दम नहीं है जो उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके, लेकिन सरकारी ड्यूटी बजानी है इसलिए कभी-कभी कमजोर वर्गो पर कार्रवाई कर खाना पूर्ति कर ली जाती है ताकि शासन एवं प्रशासन को लगे की जिले में संचालित विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है? जिले के प्रभारी डीएफओ अशोक तिवारी के निर्देश पर वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के ग्राम आरागाही के कक्ष क्रमांक पी 3421, रकबा 20.00 हे. लगभग 10 से 12 व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष पांडे सहित मौके पर पुलिस बल वन प्रबंधन समिति पुरुषोत्तमपुर के सदस्य एवं परिक्षेत्र के समस्त स्टाफएवं अतिक्रमण विरोधी ग्रामीणों की सहयोग से कब्जा खाली कराने के बाद उस स्थान पर श्रमदान के रूप में पौधा रोपण का कार्य कराया गया। वही वन परिक्षेत्र धमनी के ग्राम तालकेश्वरपूर में अर्जुन पंडो पिता मोतीलाल पंडो एवं संदीप यादव पिता सुंदर देव यादव के द्वारा कक्ष क्रमांक पी 889,085 हेक्टेयर पर जोताई कर मक्का की बुवाई की जा रही थी जिसे वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और जुताई में उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया साथ ही दो ग्रामीणों को भी हिरासत में लेते हुए वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम कैंप कार्यालय की पहल पर ग्रामीणों को मिली अंधेरे से मुक्ति

■ ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव डूबा था अंधेरे में, अब लगा गया है नया ट्रांसफार्मर

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत बारो के उरांव पारा के ग्रामीणों को अब अंधेरे से मुक्ति मिल गई है। सीएम कैंप कार्यालय के निर्देश पर वहां के खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। उरांव पारा का ट्रांसफार्मर बीते 9 जुलाई को खराब हो गया था, जिससे ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। चूंकि फरसाबहार क्षेत्र नागलोक के नाम से विख्यात है, ऐसे में रात को घर में अंधेरा होने से हमेशा जहरीले सांपों व अन्य जीव जंतुओं का खतरा बना हुआ रहता है। इस परेशानी को लेकर गांव के लोग सीएम कैंप कार्यालय में जाकर आवेदन दिए थे। जिस पर सीएम कैंप कार्यालय से विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद विभाग ने बारो पंचायत के उरांव पारा में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। समस्या का समाधान हो जाने से ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक जनदर्शन लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी जाती है और उसका समाधान भी किया जाता है। जिससे सीएम कैंप कार्यालय लोगों की आस का केंद्र बन चुका है और लोग बड़ी संख्या में वहां पहुंचकर अपनी समस्याएं रख रहे हैं।

# गोवर्धनपुर पुल क्षतिग्रस्त, ट्रक चालकों ने रात्रि में नो एंट्री खोलने उठाई मांग

## समिति ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ में ट्रक, डंफ्रो का परिचालन उद्योगों में होता है। ऐसे में गोवर्धनपुर की ओर उद्योगों में जाने वाले भारी वाहनों के पहिए अब थम गए हैं। पुल के क्षतिग्रस्त होने की वजह से इस रोड पर आवागमन नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर रायगढ़ ट्रक मालिक कल्याण समिति ने कलेक्टर के नाम आवेदन दिया है और रात में 12 बज से सुबह 4 बजे तक पहाड़ मंदिर से शहर अंदर वाहन ले जाने की मांग की है। उनका कहना है कि गोवर्धनपुर रोड से होकर कई फैक्ट्रियों में भारी वाहने जाती है, पर पुल क्षतिग्रस्त होने से परेशानियां बढ़ गई है और वाहने नहीं फैक्ट्रियों तक नहीं जा पा रही है।



**प्रतिदिन लग रहा जाम**-वाहन मालिकों का कहना है कि पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण गोवर्धनपुर रोड से दोनों ओर भारी वाहनों की कतार लग रही है। ऐसे में यातायात बाधित हो रहा है और अगर रात में वाहनों को शहर से जाने की अनुमति दी जाती है तो यह समस्या कम हो जाएगी। गोवर्धनपुर से शालनी स्कूल रोड पर हर दिन सैकड़ों की संख्या में भारी वाहने उद्योगों के लिए आती जाती है। संबलपुरी से आगे कई छोटे बड़े उद्योग स्थापित हैं, पर क्षतिग्रस्त पुल के कारण वहां तक कोयला व अन्य सामान भारी वाहनों को ले जाने में मुश्किल हो रही है।

# जिला पंचायत सीईओ ने बैठक लेकर की निर्माण कार्यो की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी लाने तथा समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सीईओ पाण्डेय ने 15वें वित्त से संबंधित कार्यों की जानकारी ली तथा कार्यों को समय पर पूर्ण नही करने एवं लापरवाही बरतने के कारण उपअभियंता सोनल जैन एवं उपअभियंता सरोज मिरे के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 2022-23 तक के समस्त निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शीघ्र प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई, जनपद पंचायत मुगेली राजीव तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शिशु संरक्षण माह 23 अगस्त तक जिले के 76 हजार 866 बच्चों को विटामिन ए तथा 81 हजार 387 बच्चों को पिलाई जाएगी आयरन सिरप

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 23 अगस्त तक किया जाएगा। इस दौरान जिले के 76 हजार 866 बच्चों को विटामिन ए तथा 81 हजार 387 बच्चों को आयरन सिरप पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय ने पोषण पुनर्वास केन्द्र मुंगेली में बच्चों को विटामिन ए व आयरन सिरप पिलाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि विटामिन ए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ ही निमोनिया, डायरिया, रतौंधी से बचाव तथा बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए तथा 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप निर्धारित मात्रा में पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि इस दौरान बच्चों का वजन लेकर ग्रोथ मॉनिटरिंग चार्ट से अति गंभीर बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण आहार प्रदान किया जाएगा।

साथ ही संक्रमण का खतरा होने पर उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व जॉच ऑगनबाड़ी केन्द्र में किया जायेगा तथा उन्हें कैल्शियम की गोली निःशुल्क वितरित की जायेगी। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को बूढ़ा तालाब रायपुर के पास इंडोर स्टेडियम में होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



गोंडवाना गोंड महासभा की महत्वपूर्ण बैठक छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, केबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पवन साय संगठन मंत्री, शिशुपाल शोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभाए विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, संरक्षक बीपीएस नेताम, केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव लोकेंद्र सिंह, जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम की विशेष उपस्थिति में रायपुर छत्तीसगढ़ में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन प्रांतीय महासचिव आरएन ध्रुव द्वारा किया गया। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को राजधानी रायपुर में आहुत करने हेतु बूढ़ा तालाब स्थित इंडोर स्टेडियम का चयन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राम विचार नेताम को आमंत्रित किया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के साथ आदिवासी वर्ग के विधायकों एवं अन्य अतिथियों को आमंत्रित किया जावेगा। कार्यक्रम में समाज के फिल्म कलाकार अमलेश नागेश का सम्मान करने एवं वरिष्ठ समाजसेवियों, छत्तीसगढ़ के 42 जनजातियों के सामाजिक मुखिया का सम्मान के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग विधा में ख्याति प्राप्त विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियोंए समाज के महापुरुषों की जीवनी संघर्ष की कथा एवं जीवनी का संग्रह कर माननीय आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम की मंशा अनुरूप आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार प्रकाशित कराया जाएगा। इस हेतु लेखकों से आग्रह किया गया है कि ऐतिहासिक जीवनी को संग्रह कर महासभा में प्रस्तुत करें। राजधानी परिक्षेत्र में आदिवासी समाज के लिए 50 एकड़ भूखंड कला, साहित्य, सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। भर्ती में आरक्षण, पदोन्नति में आरक्षण एवं बैकलॉग की भर्ती, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारी के खिलाफ कार्यवाही के लिए समाज द्वारा सामूहिक प्रयास किया जाएगा।

# टाइफाइड, डायरिया, डेंगू और मलेरिया के मरीजों को देखते हुए जनता से सतर्कता की अपील

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बारिश के मौसम में विभिन्न कीटाणुओं और विषाणुओं के संपर्क में आने से अनेक तरह की बीमारियों का खतरा होता है, जिनकी ओर ध्यान न देने पर गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। मानसून के आगमन के साथ ही शहर में टायफाईड, डेंगू, दस्त-पेचिश और मलेरिया आदि के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर ने इन बीमारियों के रोकथाम के लिए जनता से सतर्कता की अपील किया है, कि इन मानसूनी बीमारियों से बचाव के आवश्यक उपायों व तरीकों का गंभीरता से पालन करे। मानसून के इन्हीं खतरों के दृष्टिगत जशपुर के जनस्वास्थ्य विभाग, नगर सेवाएं विभाग, इन बीमारयों से सुरक्षा हेतु शहरवासियों एवं ग्राम वासियों को जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। इस अभियान के तहत् गांवों के आवासों का सर्वे, निरीक्षण, दवाओं का वितरण तथा छिड़काव शुरू हो चुका है। जशपुर का जन स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक दिन घर-घर जाकर पानी के पात्रों को खाली कर उनकी सफाई व दवाईयों को छिड़काव आदि करती है। इसके अलावा जशपुर के जन स्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार उनके प्रशिक्षित कर्मचारियों के सहायोग से घर-घर सर्वेक्षण, दवाईयों के वितरण और छिड़काव आदि के कार्य के साथ गांव के नागरिकों को इसके लिस निरंतर जागरूक भी किया जा रहा है। इन बीमारियों से बचाव हेतु इसके कारण, लक्षण और बचाव के तरीकें की जानकारी होना अति आवश्यक है।

**डेंगू के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय**-डेंगू एडिस नामक मच्छरी के काटने से होती है, जो दिन के समय काटता है, इससे बचाव के लिए मच्छरों से बचने का पूरा प्रबंध करें जैसे मच्छरदानी का उपयोग, शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़ों को इस्तेमाल आदि करें।

**डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें** -डेंगू से बचने के लिए सावधानी ही सुरक्षा है, डेंगू से बचाव के उपयों को अवश्यक अपनाएं। जैसे कि कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सुखाकर प्रयोग करें, नारियल का खोल, टूऔ हुए बर्तन व टायरों में पानी जमा न होने दें, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली व परदे लगायें, पैर में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

**मलेरिया के कारण, लक्षण एवं रोकथा के उपाय**-मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी जानलेवा बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनाफिलिज़ मच्छर के काटने से फैलती है। आमतौर पर संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 10-15 दिन बाद इसके लक्षण दिखने लगते हैं।

**मलेरिया के लक्षणों**-तेज़ बुखार के साथ कपकपी आना, पसीना आना, मतली या उलटी, सिरदर्द, दस्त, थकान महसूस होना, शरीर में दर्द इत्यादि हो सकते हैं।

## 14 जुलाई से आरम्भ भागवत कथा का समापन आज

# श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





खोंगापानी के वार्ड क्र.11 दुर्गा पंडाल में 14 जुलाई 2024 से आरम्भ भागवत कथा का समापन आज 21जुलाई रविवार को होगा. पटेल परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के आयोजन में क्षेत्र के धर्म अनुरागी जिन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया. इस धार्मिक आयोजन में शुक्रवार को भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग की कथा हुई. श्रद्धालुओं ने पहले की पुष्पवर्षा की. श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में कथा व्यास ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। भागवत आरती में क्षेत्र के सनातन प्रेमी काफी संख्या में मौजूद रहे।

सत्संग सुनने से बदल जाता है -कथावाचक ने कहा कि जब तक कर्मों की पूंजी है, इसका सुख भोग लो। बाद में यहीं आना पड़ेगा। यह मृत्युलोक श्रेष्ठ है। मानस तन देवों से भी श्रेष्ठ है। इस चोले को पाने के लिए देवता भी तरसते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म जोड़ता है तोड़ना नहीं, इसी प्रकार हमारे गुरु महाराज ने समाज को जोड़ना सिखाया। उन्होंने कहा कि रावण चारों वेदों के ज्ञाता थे, लेकिन उसने कभी किसी की बात नहीं मानी। बात न मानने के कारण उसकी दुर्गति हुई। उन्होंने कहा कि सत्संग में मति, कीर्ति, भलाई और गति मिलती है। सत्संग को जो तन और मन लगाकर सुनते हैं, उनका पूरा जीवन बदल जाता है। सत्संग में आने से विचार, बुद्धि, कर्म और आचरण बदलता है। धीरे-धीरे सत्संग से पूरा जीवन बदल जाता है।

# महिला समाज की नई समिति का हुआ गठन,हेमलता हिशीकर अध्यक्ष, सरिता दोशी बनी उपाध्यक्ष



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी की सबसे पुरानी संस्था महिला समाज की नई समिति का गठन किया गया।

पूर्व अध्यक्ष सुषमा नंदा ने अपना 3 वर्ष का कार्यकाल सुनियोजित व निष्ठा से पूर्ण किया और हेमलता हिशीकर को अपना कार्यभार सौंपा। समिति के सदस्यों में अध्यक्ष हेमलता हिषीकर, उपाध्यक्ष सरिता दोशी सचिव मोना शाह, उपसचिव मीनल गोलछा, कोषाध्यक्ष नलिनी सोनी, कार्यकारिणी सदस्य चंचल लुंकड़,शांति दामा, संतोष मिन्नी, ज्योति लूनिया, शकुंतला साहू, कंचन लुंकड़ सभी सदस्यों ने निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली और आगामी सत्र में नए सुझाव व नए कार्य की रूपरेखा तैयार की और बड़े उत्साह के साथ उसे कार्यान्वित करने के लिए अपना कदम आगे बढ़ाया है।

# गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

''गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः
गुरुर्देवो महेश्वरः,
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म
तस्मै श्री गुरवे नमः।।''




Athena WORLD SCHOOL
Raising Talent, Designing Future
Affiliated With CBSE No.3330251
HAPPY GURU PURNIMA
CBSE 2024 14 — CBSE 90% CLASS XII/X
IIT 06 — SELECTION 2024
NEET 14 — SELECTION 2024
ADMISSION OPEN 2024-25
The Technology Built In
Village-Bothli, tehsil-Patan, near Mahadev ghat road, Raipur (C.G.)
www.athenaworldschool.com 9754707219 9329004500




जै-जै-जै
हनुमान गोसाई।
कृपा करहु
गुरुदेव की नाई।।
गुरु पूर्णिमा
की हार्दिक बधाई
व शुभकामनाएं...
जगतगुरु श्री हनुमानजी महाराज और देवभूमि भारत माता के चरणों में शत्-शत् वंदन
मुकेश शाह
संचालक - वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर
संयोजक -
तिरंगा वंदन मंच, रायपुर
जीते जी रक्तदान - जाते जाते नेत्रदान


''वाणी शीतल चन्द्रमा,
मुख–मण्डल सूर्य समान,
गुरु चरनन त्रिलोक है,
गुरु अमृत की खान''


प्रवेश प्रारंभ | पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध | प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., I.T., Com. Science
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418



21 July 2024 Pride Of Raipur

" पवन पुत्र हनुमान जी की अद्भुत, अलौकिक, दुर्लभ, अविश्वसनीय, अद्वितीय 5000 फोटो का विशाल संग्रह, जो बना विश्व रिकॉर्ड! इसमें सभी फोटो अलग-अलग व अद्वितीय है। इस दुर्लभ संग्रह का हिस्सा बनें। "
इस दुर्लभ संग्रह (पुस्तक) अपने घर लायें
संपर्क - 98271-22886

K.K. Solar
SC. : Navodaya Corporation
We Prodive Sale & Service in All Type of Solar Power Plant & Solar Water Heater.
WARRANTY
25 Years in Solar Pannel • 10 Years in Inverter
04 Unit Per Day Generation in 1KW.
Finance Facility Available.
We Provide AMC.
System Available In Govenment Subsidy (PM Surya Ghar Yojana).
Add.: Near Gurunanak Hall, Shyam Nagar, Telebandha, Raipur (C.G.)
Mob. : 79995-86149, 99771-92290
रायपुर जिले के लिये लड़कों-लड़कियों की आवश्यकता है

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit:
www.makazadpharmcy.com

TENSILE SHADE
CAR PARKING SHADES
Cafeteria • Entrance Canopies • Walk Ways • Terraces • Garden Covering • Petrol Pumps • Sport Areas • Food Courts • Swimming Pool Shades • Resort Tents • Car Parking
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

KSR | KisaN | Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refilling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567



अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा संचालित
अग्रसेन कला केन्द्र
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
कत्थक
फाईन आर्ट
लोकगीत
ढोलक
ढोलक

-: कार्यक्रम समय :-
बांसुरी - 4:00 से 5:00 तक, ढ़ोलक - 5:00 से 6:00
लोकगायन - 5:00 से 6:00
कत्थक 5:00 से 6:00, लोकगायन
Bollywood Dance - 6:00 to 7:00, Fine Art - 5:00 to 6:00
संपर्क :- 9754341800, 7777884998
स्थान: अग्रसेन महाविद्यालय
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403